# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


### कृषि विभाग में हुई सबसे अधिक भर्ती

लोरमी ब्लाक के सारधा, लोरमी, सुकली, झाफल, फुलझर, विचारपुर, बोड़तरा गांव के लोगों के बने सभी दिव्यांग प्रमाण-पत्रों पर सवाल उठ रहे हैं। बात सामने आई है कि अकेले 53 लोग कृषि विभाग में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के पद पर पदस्थ हैं। वहीं तीन लोग कृषि शिक्षक के पद पर काबिज हैं। ध्यान रहे राज्य शासन की ओर से दिव्यांगों की विशेष भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। सबसे पहले ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी पद के लिए भर्ती हुई। शेष पेज 4 पर

### अब राज्य मेडिकल बोर्ड में होगा टेस्ट

गौरतलब है कि मुंगेली जिले के लोरमी विकासखंड के 7 गांव ऐसे हैं, जहां पिछले 10 सालों में 300 से अधिक लोग बहरे हो गए हैं। इनमें से 147 लोग श्रवण बाधित कान के दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने के बाद सरकारी नौकरी भी कर रहे हैं। यही नहीं इन गांवों में पता नहीं ऐसी कौन सी महामारी है कि मां-बाप और बच्चों के साथ विवाह के बाद दूसरे गांव या जिलों से बहू बनकर आने वाली महिलाएं भी श्रवण बाधित हो जाती हैं। खास बात शेष पेज 4 पर


हरिभूमि

लोरमी के 7 ऐसे गांव, जहां 300 से अधिक बहरे

दूसरे गांव से आई बहुओं के कान भी हुए 'सुन्न'

- छुट्टी के दिन कलेक्टर ने अफसरों से पूछा- अब तक क्यों नहीं की जांच
- आनन-फानन में ज्वाइंट कमेटी की बैठक सोमवार 12 अगस्त को मुंगेली कलेक्टोरेट में होगी

# हरिभूमि के खुलासे से हड़कंप, आनन-फानन में बुलाई गई ज्वाइंट कमेटी की बैठक, अब राज्य मेडिकल बोर्ड में होगा टेस्ट

हरिभूमि न्यूज बिलासपुर

हरिभूमि फॉलोअप

मुंगेली जिले के लोरमी ब्लाक के सारधा, लोरमी, सुकली, झाफल, फुलझर, विचारपुर, बोड़तरा गांव के लोगों के बने सभी दिव्यांग प्रमाण-पत्रों पर सवाल उठ रहे हैं। हरिभूमि ने इस बारे में खबर छापी तो प्रशासन से लेकर मेडिकल और दूसरे विभागों में हड़कंप मचा है। महीनों तक मामलों को दबाकर रखने वाले अधिकारी अब गंभीरता से जांच की बात कह रहे हैं। आनन फानन में ज्वाइंट कमेटी की बैठक सोमवार 12 अगस्त को मुंगेली कलेक्टोरेट में बुलाई गई है। इस कमेटी में अपर कलेक्टर श्रीमती शेष पेज 4 पर

### बोल दिए मशीन खराब है, ठीक भी नहीं होगी

हरिभूमि ने इस पूरे मामले की पड़ताल की तो कुछ ऐसे अभ्यर्थी भी सामने आ गए जिन्होंने कृषि विस्तार अधिकारी और कुछ साल पहले हुई पटवारी परीक्षा में खुद को श्रवणबाधित बताकर फार्म भरा, जबकि अन्य दूसरी परीक्षाओं में खुद को पूरी तरह फिट बताया है। प्रदेश विकलांग संघ लगातार इसका विरोध करते हुए शिकायत कर रहा है। मुंगेली शेष पेज 4 पर

### समन्वयक बनाकर कराएंगे टेस्ट

विकलांग संघ की ओर से मिली शिकायत के बाद मुंगेली कलेक्टर ने पत्र जारी कर 15 जुलाई 2024 को 22 लोगों की जांच मेडिकल संभागीय बोर्ड से कराने का आदेश दिया था। टेस्ट नहीं हो पाया क्योंकि मशीन खराब होने की जानकारी सिम्स की ओर से दी गई थी। मामला गंभीर है इसलिए सोमवार 12 अगस्त को कमेटी की बैठक बुलाई गई है। फैसला लिया गया है राज्य मेडिकल बोर्ड से समन्वय बनाकर श्रवण बाधित टेस्ट कराए जाएंगे।

- मेनका प्रधान, ज्वाइंट कलेक्टर, मुंगेली




## मॉरीशस बैंक की मुंबई शाखा का पता चला, चारों आरोपी को जेल भेजा गया

# नक्सलियों के शहरी एजेंटों के दर्जनभर खाते मुंबई से भी ट्रांजेक्शन, ढूंढा जा रहा कनेक्शन

*नक्सलियों की तेंदूपत्ता और ठेकेदारों से लेव्ही वसूली में शहरी कनेक्शन और एजेंटों की तह तक पहुंच रही पुलिस के हाथ इनके दर्जनभर बैंक खाते लगे हैं। इनमें से एक खाता मुख्य आरोपी विवेक सिंह का है। उसने मॉरीशस स्टेट बैंक की मुंबई ब्रांच में खाता खोल रखा है, बाकी चार के खाते दंतेवाड़ा, बीजापुर इलाके में बताए जा रहे हैं। इन खातों से लाखों रुपए का ट्रांजेक्शन हुआ है, जिसकी तस्दीक की जा रही है। इन एजेंटों ने किससे पैसा लिया, किसे दिया, इसकी भी पड़ताल की जा रही है। इसके लिए जब्त फोन की फॉरेंसिक जांच कराई जा रही है। कहा जा रहा है कि परत दर परत खुल रहे मामले में चौंकाने वाले तथ्य सामने आ सकते हैं। बहरहाल, इधर पांचों आरोपियों को शनिवार दोपहर बाद एनआईए कोर्ट बिलासपुर में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।*

एनिशपुरी गोस्वामी मोहला

हरिभूमि फॉलोअप

नक्सलियों के टेरर फंडिंग मामले में हिरासत में लिए गए बस्तर बीजापुर के चार तथा मानपुर निवासी नक्सली एजेंटो के बैंक खाते की हिस्ट्री चौंकाने वाली निकली है। नक्सलियों की लेव्ही के लाखों रुपए का जहां सीधे नक्सल एजेंटों के खाते में ट्रांजेक्शन हुआ, वहीं मुख्य आरोपी विवेक सिंह का बैंक अकाउंट मॉरीशस के बैंक की मुंबई शाखा में मिला है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में यूएपीए के अपराध के तहत जेल में बंद मानपुर इलाके के नक्सली नेता सुरजू टेकाम के 22 मार्च को अपने गांव कलवर मानपुर से निकलकर हवाई मार्ग से रायपुर टू दिल्ली पहुंचने के पुलिस पड़ताल में मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी पुलिस को बस्तर बीजापुर भैरमगढ़ से लेकर मोहला-मानपुर जिले के शहरी नेटवर्क को ध्वस्त शेष पेज 4 पर

**खास बातें**

- ठेकेदारों से लेवी वसूली में शहरी कनेक्शन
- जब्त फोन की फॉरेंसिक जांच कराई जा रही


एक्शन

नक्सली नेता पहुंचे बीहड़ से दिल्ली, तब लेव्ही वसूलने के राज का हुआ पर्दाफाश

छत्तीसगढ़ पुलिस ने नक्सल फंडिंग का किया खुलासा

### नक्सली एजेंटों के इन बैंकों में हैं खाते

माओवादी संगठन के लिए टेरर फंडिंग कर लेव्ही वसूल करने वाले शहरी नेटवर्क के एजेंट मुख्य आरोपी विवेक सिंह का खाता स्टेट बैंक ऑफ मॉरीशस की मुंबई ब्रांच में है। इसी तरह बीजापुर जिले के राजेंद्र करती का बैंक अकाउंट दंतेवाड़ा स्टेट बैंक से संचालित हो रहा है। इसके अलावा अन्य आरोपी सोनाराम फरसा, विजय जुरी, रामलाल करमा का बैंक अकाउंट बीजापुर स्टेट बैंक में है। इनमें लाखों रुपए लंबे समय से ट्रांजेक्शन होते रहा है। इसी रकम से नक्सली नेता सुरजू टेकाम, उसकी बेटी और एक अन्य को 22 मार्च को फ्लाइट से दिल्ली भेजा गया। प्रारंभिक जांच में इन खातों से 68 लाख के ट्रांजेक्शन का पता चला है।

### बस्तर से यहां पहुंचते थे नक्सली एजेंट

हिरासत में लिए गए नक्सली एजेंटों की हिस्ट्री खंगालने पर पता चला है कि नक्सली नेता सुरजू टेकाम द्वारा आयोजित सभाओं और दूसरे कार्यक्रमों में बीजापुर इलाके के नक्सलियों का आना जाना था। इसी तरह सुरजू जब बस्तर जाता था तब वहां सुविधाएं देने का जिम्मा नक्सलियों का होता था। पुलिस जांच में उनके संबंधों का पता चला है।

### एनआईए से होनी चाहिए जांच

नक्सलियों के हिट लिस्ट में शामिल मानपुर के भाजपा नेता राजू टांडिया ने कहा कि टेरर फंडिंग का पैसा भाजपा नेताओं के विरुद्ध चुनाव लड़ने, उनकी हत्या, डराने-धमकाने के लिए भी हुआ है। विदेश के खाते से कहीं आतंकी श्रृंखला तो नहीं है, इसकी जांच एनआईए से होनी चाहिए।

**कोंटा थानेदार को सुकमा एसपी ने किया लाइन अटैच**

## बस्तर के चार पत्रकारों की गाड़ी में गांजा रख साजिश रचने का आरोप, टीआई हटाया गया




कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला सुकमा छत्तीसगढ़

कार्यालयीन आदेश

हरिभूमि न्यूज जगदलपुर/कोंटा

बस्तर के चार पत्रकारों के खिलाफ आंध्रप्रदेश में पुलिसिया कार्रवाई में गहरी साजिश का अंदेशा है। आरोप है कि कोंटा टीआई अजय सोनकर साजिश में शामिल थे। उसने आंध्र पुलिस के साथ मिलकर पत्रकारों की गाड़ी में गांजा रखवाया और गिरफ्तार करा दिया। प्रदेशभर में पत्रकारों के विरोध के बाद प्रशासन ने तत्काल टीआई को लाइन अटैच कर दिया है। वहीं पत्रकारों की रिहाई के प्रयास किए जा रहे हैं।

- कलेक्टर सुकमा ने कोंटा क्षेत्र से रेत परिवहन को बंद करने दिया मौखिक आदेश

उल्लेखनीय है कि दंतेवाड़ा और सुकमा जिले के 4 पत्रकार बप्पी राय, धर्मेन्द्र सिंह, मनीष सिंह और निशु त्रिवेदी कोंटा क्षेत्र में अवैध रेत परिवहन की रिपोर्टिंग के लिए कोंटा पहुंचे थे। जहां उनके द्वारा शबरी नदी से ट्रकों में रेत शेष पेज 4 पर

### छत्तीसगढ़ की रेत तेलंगाना भेजी जा रही

शबरी नदी से रेत को तेलंगाना के हैदराबाद ले जाया जाता है। सूत्रों ने बताया कि सुकमा कलेक्टर हरिश एस. ने माइनिंग अधिकारी को खदान से परिवहन तत्काल बंद करने को कहा है। कल सोमवार को लिखित आदेश भी जारी होने की बात कही गई है। बहरहाल चिंतुर थाने में दक्षिण बस्तर के सुकमा, कोंटा, दंतेवाड़ा, बीजापुर और जगदलपुर से अनेक पत्रकार डटे हुए हैं। चिंतुर पुलिस कोंटा के सभी स्थलों में पहुंचकर जांच कर रही है। पत्रकारों का कहना है कि वाहन में गांजा रखकर पत्रकारों को साजिश पूर्वक फंसाया गया है।

## खबर संक्षेप

### प्रशिक्षण विमान क्रैश दो पायलट घायल



**गुना।** गुना जिले में एक हवाई पट्टी पर एक निजी विमानन अकादमी का एक प्रशिक्षण विमान सेसना 152 रविवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इससे दो पायलट घायल हो गए। दो सीट वाला सेसना 152 विमान दोपहर करीब डेढ़ बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### आग की अफवाह पर ट्रेन से कूदे यात्री घायल



**शाहजहांपुर।** पंजाब से आ रही एक ट्रेन में आग लगने की अफवाह पर यात्री ट्रेन से कूदने लगे, जिससे दो महिलाओं समेत छह यात्री घायल हो गए। घायलों को शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। घटना में अनवरी, अख्तरी, कुलदीप, रूबी लाल शिव शरण और चंद्रपाल (35) गंभीर रूप से घायल हो गए।

### हवाईअड्डे पर बैग में बम की टिप्पणी, यात्री गिरफ्तार



**कोच्चि।** केरल के कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच के दौरान बम संबंधी टिप्पणी करने के आरोप में मुंबई जाने वाले एक यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया। मनोज कुमार (42) ने जांच करने वाले काउंटर पर सीआईएसएफ के अधिकारी से 'डरा देने वाली' टिप्पणी की थी।

### छत गिरी, मां-बेटे की मौत, पिता-पुत्री गंभीर



**जालौन।** यूपी के महलुबा गांव में रविवार तड़के एक मकान की छत गिर गई। इससे मां-बेटे की मलबे में दबकर मौत हो गई, जबकि पिता-पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा महलुबा गांव में तड़के करीब साढ़े पांच बजे हुआ, जब अखिलेश नामक व्यक्ति अपनी पत्नी और बच्चों के साथ घर में सो रहा था।

### पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह का निधन



**नई दिल्ली।** लंबे समय से बीमार पूर्व विदेश मंत्री के नटवर सिंह का शनिवार देर रात निधन हो गया। वह 93 वर्ष के थे। उन्होंने गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में अंतिम सांस ली, जहां वह पिछले कुछ हफ्तों से भर्ती थे। कांग्रेस के पूर्व सांसद नटवर सिंह का जन्म 1931 में राजस्थान के भरतपुर जिले में हुआ था।

**तेंगनौपाल में गोलीबारी**

## मणिपुर में फिर हिंसा मुठभेड़ में चार की मौत



एजेंसी इंफाल

मणिपुर के तेंगनौपाल जिले में उग्रवादियों और एक ही समुदाय के ग्रामीण स्वयंसेवकों के बीच गोलीबारी में चार हथियारबंद लोगों की मौत हो गई। मोलनोम इलाके में मुठभेड़ में यूनाइटेड कुकी लिबरेशन फ्रंट के एक उग्रवादी और एक ही समुदाय के तीन ग्रामीण स्वयंसेवकों की मौत हो गई। इसके जवाब में ग्रामीण स्वयंसेवकों ने यूकेएलएफ के स्वयंभू प्रमुख एस एस हाओकिप के आवास को फूंक दिया।

### बम ब्लास्ट में पूर्व विधायक की पत्नी की मौत

मणिपुर के कांगपोकपी जिले में शनिवार को हुए बम ब्लास्ट में एक पूर्व विधायक की पत्नी की मौत हो गई। पुलिस ने बताया घटना सैखुल के पूर्व विधायक यमथोंग हाओकिप के घर के पास हुई। हादसे में घायल पूर्व विधायक की पत्नी सापम चारूबाला की अस्पताल में मौत हो गई। बम किसने लगाया, इस बात का पता नहीं चल सका है।

## कोलकाता मर्डर पर गुस्सा, देशभर में आज हड़ताल करेंगे डॉक्टर

एजेंसी कोलकाता/नई दिल्ली

कोलकाता में डॉक्टर से दुष्कर्ष और हत्या का मामला गरमाता जा रहा है। इस मामले को लेकर पश्चिम बंगाल में डॉक्टरों ने रविवार को विरोध प्रदर्शन किया। अब इस मामले के खिलाफ सोमवार 12 अगस्त को देशभर में डॉक्टर हड़ताल पर रहेंगे। डॉक्टरों के संगठन 'फेडरेशन ऑफ आल इंडिया रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन' ने यह ऐलान किया है। उन्होंने सभी सरकारी अस्पतालों के रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन से इस हड़ताल में शामिल होने का आह्वान किया है।

- रेजिडेंट डॉक्टरों के संगठन ने किया ऐलान




### सुपरिटेंडेंट को हटाया

इस खौफनाक कांड के बाद आरजी कर मेडिकल कॉलेज के सुपरिटेंडेंट डॉक्टर संजय वशिष्ठ को स्वास्थ्य विभाग ने हटाने का आदेश दिया है। वो लंबे समय से वहां के प्रभारी थे। उनकी जगह अस्पताल की डीन बुलबुल मुखोपाध्याय को जिम्मेदारी सौंपी गई है। शुक्रवार को लेडी डॉक्टर का शव बरामद होने के बाद से ही सुपरिटेंडेंट को हटाने की मांग हो रही थी।

### शराब पीते देखी अश्लील फिल्म फिर रेप-मर्डर

पुलिस सूत्रों का कहना है कि आरोपी अपराधी संजय रॉय शराब पीते हुए अश्लील फिल्में देखने का आदी था। शुक्रवार की रात 11 बजे आरोपी संजय रॉय शराब पीने के लिए अस्पताल के पीछे गया था। वहां शराब पीते हुए वो पोर्न फिल्में देखने लगा। इसके बाद उसने वारदात को अंजाम दिया। जांच में यह भी पता चला कि आरोपी ने अपराध को अंजाम देने के बाद सबूतों से छेड़छाड़ करने की भी कोशिश की थी।

**मालवाहक वाहन पर फिर सवारी**

## श्रद्धालुओं से भरी पिकअप पलटी बच्ची की मौत, 10 से अधिक घायल

हरिभूमि न्यूज कवर्धा/बेमेतरा



कबीरधाम (कवर्धा) में रविवार को भोरमदेव थाना क्षेत्र के हरमो गांव के पास श्रद्धालुओं से भरी एक तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में एक बच्ची की पिकअप में दबने से मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 10 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। घटना के बाद स्थल पर लोगों के बीच चीख पुकार शेष पेज 4 पर

### वाहन चालक फरार

घटना के बाद पिकअप चालक मौके से फरार हो गया है। भोरमदेव थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। वहीं, आरोपी पिकअप वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है।

**उत्कल समाज के लोग इस मंदिर की करते हैं व्यवस्था और पूजा पाठ**

## रियासतकालीन भैरम जात्रा में 25 बकरों की बलि

हरिभूमि न्यूज जगदलपुर

भैरम मंदिर में रविवार को भैरम जात्रा में 25 बकरों की बलि दी गई। हर साल की तरह इस वर्ष भी भैरम जात्रा उत्कल समाज के द्वारा मनाई गई। रियासत कालीन इस मंदिर का निर्माण बस्तर के लोकप्रिय महाराजा प्रवीरचंद्र भंजदेव ने 1936 में कराया था। तब से लेकर आज तक इस मंदिर का संचालन पूजा पाठ और पूरी व्यवस्था उत्कल समाज के लोगों के द्वारा की जाती है। भैरमदेव की पूजा बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी के पति के रूप में होती है। भैरम मंदिर के पुजारी रमेश नंद प्रतिदिन भैरम बाबा की पूजा करते हैं। उन्होंने कहा कि उत्कल समाज में होने वाले सभी मांगलिक और धार्मिक कार्यों में भैरम बाबा की पूजा कर आशीर्वाद शेष पेज 4 पर

- 1936 में बस्तर महाराजा प्रवीरचंद्र भंजदेव ने मंदिर का कराया था निर्माण



### हफ्तेभर से चल रही थी तैयारी

उत्कल समाज के अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि पूरे समाज के लिए भैरम जात्रा का दिन उत्सव जैसा होता है। यहां दिए गए बकरों की बलि का प्रसाद सभी ग्रहण करते हैं, जिसके लिए एक सप्ताह से तैयारी चल रही थी। आज 25 बकरों की बलि दी गई। सुबह से ही लोग पूजा सामग्री के साथ मंदिर आकर भैरम बाबा की पूजा कर आशीर्वाद लेते रहे। हवन में भी लोगों ने आहुति दी।

### आशीर्वाद लेने पहुंचे किरण और रेखचंद

उत्कल समाज के हरेक कार्यक्रमों में सहभागिता देने वाले दो जनप्रतिनिधि विधायक किरण देव और पूर्व विधायक रेखचंद जैन अपने समर्थकों के साथ भैरम बाबा का आशीर्वाद लेने पहुंचे थे। उन्होंने पूजा अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया। साथ ही बस्तरवासियों की सुख समृद्धि और शांति की कामना की।




## श्री डी. के सोनी

**छ.ग. प्रदेश अध्यक्ष** - हिल द वर्ल्ड फाउंडेशन, दिल्ली
**छ.ग. प्रदेश अध्यक्ष** - राष्ट्रीय मानव अधिकार संसाधन विकास संस्था, नागपुर
**छ.ग. प्रदेश अध्यक्ष** - अखिल भारतीय स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन
**अध्यक्ष** - सरगुजा सोसाइटी फॉर जस्टिस, अम्बिकापुर
**सदस्य** - नेशनल फेडरेशन ऑफ़ सोसाइटी फॉर फ़ास्ट जस्टिस, दिल्ली
**सदस्य** - सरगुजा स्वर्णकार समाज

**पारिवारिक जानकारी**

पिता: **स्व. रामजी प्रसाद सोनी**
माता: **श्रीमती किरोधा देवी**
पत्नी: **श्रीमती रजनी सोनी**
जन्मदिन: **12 अगस्त 1976**
शिक्षा: **बीए, एलएलबी**
कार्यक्षेत्र: **सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ वकालत, सामाजिक और आरटीआई कार्यकर्ता।**

पुत्र: **स्पर्श सर्राफ**
इंटरनेशनल स्पीड बॉल खिलाड़ी हैं जो कई मेडल जीतकर सरगुजा सहित छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किये हैं।

पुत्र: **शौर्य सर्राफ**
फेंसिग (तलवारबाजी) का नेशनल खिलाड़ी हैं जिनके द्वारा भी कई मेडल जीतकर सरगुजा का नाम रोशन किया गया है। शौर्य सर्राफ का जन्मदिन 13 अगस्त को है।

# भ्रष्टाचार के विरुद्ध एक पहचान



एक शख्स जिसने भ्रष्टाचार को रोकने आवाज़ उठाई, एक शख्स जिसने गांव की गलियों से लेकर सरकारी दफ्तरों और न्यायालय तक भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ी, कोई इन्हें आरटीआई एक्टिविस्ट के नाम से जानता है तो कोई इन्हें समाजसेवी कहता है। कई नामों से जाने जानेवाले इस शख्स ने भ्रष्टाचार के खिलाफ ऐसी लड़ाई लड़ी है कि लाखों रुपये का अर्थदंड भ्रष्टाचारियों को भरना पड़ा है। लोगों को मनरेगा की लंबित मजदूरी से लेकर ठेकेदारों द्वारा रोके गये रकम तक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस नेक कार्य के लिए इन्हें राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित भी किया गया है। इस शख्स ने अपनी एक अलग पहचान प्रदेश में कायम की है। पेशे से अधिवक्ता और अम्बिकापुर निवासी दिनेश सोनी अर्थात डी के सोनी से कौन वाकिफ नहीं है। जिनके नाम से ही भ्रष्टाचारियों कि नींद हराम हो जाती है।

डीके सोनी जो की छत्तीसगढ़ के आदिवासी बाहुल्य जिले सरगुजा के अंबिकापुर में रहते हैं और वकालत के साथ-साथ आरटीआई कानून के माध्यम से आदिवासियों के हित के मुद्दो को हमेशा उठाया है, भ्रष्ट अधिकारियों और राजनेता के विरुद्ध कई मामलों में कार्यवाही कराते देखे गए हैं। मनरेगा योजना में लगभग 5 करोड़ से ज्यादा की रिकवरी अधिकारियों से इन्होंने कराई है। सड़क, स्कूल, बिजली, पानी जैसे बुनियादी सुविधाओं सहित अन्य योजनाओं व भ्रष्टाचार के खिलाफ हमेशा अपनी आवाज बुलंद करते रहे हैं। इस के आलावा ग्राम न्यायालय की स्थापना कराने और घर पर न्याय की परिकल्पना को पूरा कराने को लेकर सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका भी लगाई है, इसके अलावा सरगुजा के घने जंगलों जिसमे हसदेव अरण्य आता है उसे कोल उत्खनन के लिए काटने की अनुमति दे दी गई जिसको लेकर इन्होंने सुप्रीम कोर्ट में राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम के खिलाफ भी जनहित याचिका लगाया है। जल, जंगल और आदिवासियों की जमीन को बचाने की दिशा में ये एक महत्वपूर्ण कदम है। इसी तरह समय समय पर और भी जनहित के कार्यों में खेल संघों को आगे बढ़ाने में इनकी विशेष रुचि है। छत्तीसगढ़ राज्य के सुदूर वनांचल क्षेत्र अंबिकापुर से आने वाले आरटीआई एक्टिविस्ट डी.के सोनी जी जो पेशे से अधिवक्ता भी हैं उनके द्वारा हमेशा से भ्रष्टाचार, न्याय में देरी एवं विभिन्न क्षेत्र में समाज सेवा हेतु अनेक उत्कृष्ट कार्य किए गए हैं जिसके लिए उन्हें समय-समय पर सम्मानित भी किया गया है।

श्री डी.के सोनी आम जन के लिए न्याय व्यवस्था को सुदृढ़, सुगम और शीघ्र न्याय प्रदान करने हेतु अपनी संस्था सरगुजा सोसाइटी फॉर फास्ट जस्टिस के माध्यम से हमेशा जमीनी एवं कानूनी लड़ाई लड़ते रहे हैं इसी कड़ी में उन्होंने ग्राम न्यायालय के गठन के लिए भी एक लंबी लड़ाई जारी रखी हुई है।

सरगुजा सोसायटी फॉर फास्ट जस्टिस के अध्यक्ष, आरटीआई एक्टिविस्ट, समाजसेवी, अधिवक्ता श्री डी.के सोनी वर्तमान में छत्तीसगढ़ राज्य में उपभोक्ता हितों के संरक्षण और पीड़ित उपभोक्ताओं को न्याय दिलाने हेतु उपभोक्ता आयोग में अध्यक्ष, सदस्य और कर्मचारियों की नियुक्ति, आधारभूत संरचनाओं के निर्माण तथा ई फाइलिंग जैसे बुनियादी व्यवस्थाओं के लिए जमीनी स्तर पर विरोध प्रदर्शन सहित आरटीआई के माध्यम से स्थिति स्पष्ट कर माननीय सर्वोच्च न्यायालय में भी इंटरविनर बनकर लड़ाई लड़ रहे हैं।

सरगुजा सोसायटी फॉर फास्ट जस्टिस के अध्यक्ष एवं आरटीआई एक्टिविस्ट श्री डी.के सोनी जी ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 एवं नियम 2020 में व्याप्त त्रुटि जैसे जिला आयोग में अध्यक्ष और सदस्यों में अनुभव में अंतर को सुधार हेतु जिससे वरिष्ठ पद अध्यक्ष के लिए अधिवक्ता का केवल 7 वर्ष का अनुभव होना और कनिष्ठ पद सदस्य के लिए 15 वर्ष के अनुभव असंतुलित को सुधार करना, नियुक्तियों में राजनैतिक हस्तक्षेप पूर्णता खत्म करना, चयन समिति द्वारा चयन प्रक्रिया पूरा कर लिए जाने के बाद नियुक्ति प्रदान करने हेतु समय सीमा तय करना, अध्यक्ष पद पर नियुक्ति हेतु पूर्व सदस्यों के कार्यानुभव को भी अनुभव में शामिल करना, सुनवाई की पूरी प्रक्रिया में मध्यस्थता को शामिल करना तथा मध्यस्थता अधिनियम के अंतर्गत वर्तमान मध्यस्थता की व्यवस्था में सुधार कर कंपनियों द्वारा अपने मध्यस्थ पैनल को विवाद उत्पन्न होने वाले राज्य में होने की अनिवार्यता लागू करना जैसे कई और सुधार हेतु जमीनी और कानूनी लड़ाई के साथ साथ संबंधित विभाग, सर्वोच्च व उच्च न्यायालय, राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री को भी उक्त त्रुटियों और की जाने वाली सुधारों से अवगत कराया गया है।






**स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष**
**सरगुजा सोसायटी फॉर फास्ट जस्टिस के अध्यक्ष, आरटीआई एक्टिविस्ट, समाजसेवी एवं अधिवक्ता**


# डॉ. डी.के. सोनी जी

**को जन्मदिवस की**

# हार्दिक शुभकामनायें



**राकेश सोनी**
प्रदेश महासचिव
स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन (छ.ग.)




**अखिलेश सोनी**
प्रदेश कोषाध्यक्ष
स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन (छ.ग.)



**राजू सोनी**
प्रदेश संगठन मंत्री
स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन (छ.ग.)



**राजेश सोनी**
प्रदेश उपाध्यक्ष
स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन (छ.ग.)

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

**मानव-हाथी द्वंद्व रोकने के तमाम प्रयास फेल, राज्य की बड़ी समस्या**

### 24 साल में 221 हाथियों की मौत

गौरतलब है कि हाथी शेड्यूल-1 प्रजाति का एनिमल है, ऐसे में हाथियों की रक्षा करना भी वन विभाग की जिम्मेदारी है। राज्य में मानव-हाथी द्वंद्व में वर्ष 2001 से वर्ष 2024 जून तक 221 हाथियों की मौत हुई है। इनमें से 33 प्रतिशत 72 हाथियों की मौत करंट लगने से हुई है।



# छत्तीसगढ़ में हाथी बेकाबू, 11 सालों में 600 को कुचला, करोड़ों फूंक दिए, पर रास्ता नहीं निकला

गिरीश केशरवानी ▶▶| रायपुर

**विश्व हाथी दिवस आज**

छत्तीसगढ़ में प्रवासी हाथियों ने अपना स्थायी बसेरा बना लिया है, इसलिए दो दशकों में हाथियों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है। यही वजह है कि मानव-हाथी द्वंद्व की घटनाएं बढ़ी हैं। यह आंकड़े डराने वाले हैं कि 11 सालों में इन बेकाबू हाथियों ने तकरीबन 600 लोगों को कुचल कर मार डाला। अभी घटनाएं तेजी से सामने आ रही हैं। हफ्तेभर में ही सात लोग मारे गए हैं। यह भी चौंकाने वाले तथ्य ▶▶|शेष पेज 4 पर

### द्वंद्व रोकने तकनीक का प्रयोग

मानव हाथी द्वंद्व रोकने वन अफसर हर बार नए-नए तरीके इजाद करते रहे हैं। वर्तमान में हाथियों का लोकेशन ट्रेस करने सेटेलाइट की मदद से एलिफेंट एप की मदद ले रहे हैं। एप के माध्यम से जहां हाथियों का मूवमेंट दिखता है, हाथी मित्र दल से जुड़े लोग उस क्षेत्र में जाकर लोगों को हाथी आने के बारे में अलग-अलग माध्यम से सूचना देते हैं।

### इतने उपाय, सब फेल

- सोलर फेंसिंग। इसमें हल्का करंट रहता है, जिससे हाथी गांव के अंदर प्रवेश नहीं कर पाते। यह योजना वर्तमान में धरातल पर ही नहीं है।
- मधुमक्खी पालन। विभाग का दावा था कि जंगल में जहां मधुमक्खियों का छत्ता होता है, वहां आसपास हाथी नहीं रुकते, लेकिन यह योजना भी फेल।
- अस्स्थायी ट्रांजिस्ट कैंप। इस योजना के तहत विभाग जंगल में हाथियों को चारा देता था। विभाग का मकसद था कि इससे हाथी गांव की तरफ रुख नहीं करेंगे।
- कुमकी हाथी। बिगड़ैल हाथियों को रोकने कर्नाटक से कुमकी हाथी लाए गए। कुमकी वर्तमान में सफेद हाथी साबित हो रहे हैं।
- रेडियो कॉलर। 10 रेडियो कॉलर खरीदा गया था, अभी एक भी हाथी के गले में रेडियो कॉलर नहीं है।
- सोलर बजुका। खेतों में पुतला खड़ा करने का फरमान था, यह योजना भी कारगार नहीं रही।
- हाथियों के गले में घंटी बांधने का आदेश जारी किया गया। इसके लिए विभाग ने 24 घंटियां खरीदी थी, लेकिन यह योजना धरातल पर नहीं उतर पाई।
- आठ गजराज वाहनों की खरीदी। गजराज वाहन से भी हाथियों को रहवासी क्षेत्र में आने से रोकने की योजना कारगार साबित नहीं हुई।

---

अमेरिकी शोध एवं निवेश फर्म के नए खुलासे पर जुबानी जंग, सियासी बवाल भी

# हिंडनबर्ग के आरोपों को सेबी प्रमुख ने बताया आधारहीन, अदाणी समूह ने भी झुठलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

हिंडनबर्ग ने शनिवार देर रात जारी अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की प्रमुख बुच और उनके पति धवल बुच के पास उस विदेशी कोष में हिस्सेदारी है, जिसका इस्तेमाल अदाणी समूह में धन की कथित हेराफेरी के लिए किया गया था। हिंडनबर्ग के मुताबिक, बुच और उनके पति ने बरमूडा और मॉरीशस में अस्पष्ट विदेशी कोषों में अघोषित निवेश किया था। उसने कहा कि ये वही कोष हैं जिनका कथित तौर पर विनोद अदाणी ने पैसों की हेराफेरी करने और समूक की कंपनियों के शेयरों की कीमतें बढ़ाने के लिए इस्तेमाल किया गया था। विनोद अदाणी, अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी के बड़े भाई हैं। हिंडनबर्ग ने जनवरी, 2023 में जारी अपनी पिछली रिपोर्ट में अदाणी समूह पर वित्तीय लेनदेन में गड़बड़ी और शेयरों की कीमतें चढ़ाने के लिए विदेश कोष के दुरुपयोग के आरोप लगाए गए थे। हालांकि अदाणी समूह ने इन सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा था कि वह नियामकीय प्रावधानों का पालन करता है। इस बीच, कांग्रेस ने केंद्र से अदाणी समूह की नियामकीय जांच में हितों के सभी टकरावों को खत्म करने के लिए तुरंत कार्रवाई करने की मांग की है। मुख्य विपक्षी दल ने देश के शीर्ष अधिकारियों की कथित मिलीभगत का ▶▶|शेष पेज 4 पर



*हिंडनबर्ग रिसर्च की हालिया रिपोर्ट में सेबी की प्रमुख माधबी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। रिपोर्ट में संदेह जताया है कि अदाणी समूह के खिलाफ कार्रवाई करने में सेबी की अनिच्छा का कारण सेबी की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच और उनके पति की अदाणी समूह से जुड़े विदेशी कोष में हिस्सेदारी हो सकती है। इन आरोपों को दंपती पहले ही बेबुनियाद बताया है, वहीं अदाणी समूह ने भी इस शरारतपूर्ण कहा है।*

## बुच दंपति पर विदेशी कोष में हिस्सेदारी का आरोप

**कांग्रेस ने कहा- जांच हो, भाजपा बोली- वित्तीय अस्थिरता पैदा करने की साजिश**

### हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में क्या?

नई रिपोर्ट जारी करने के बाद हिंडनबर्ग ने कहा था, अदाणी समूह पर हमारी मूल रिपोर्ट को लगभग 18 महीने बीत चुके हैं। इस बात के पर्याप्त सबूत पेश किए जा चुके हैं कि भारतीय कारोबारी समूह (अदाणी) कॉर्पोरेट इतिहास का सबसे बड़ा घोटाले में संलिप्त रहा है। हालांकि, ठोस सबूतों और 40 से अधिक स्वतंत्र मीडिया जांच के बावजूद सेबी ने अदाणी समूह के खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं की।


अमेरिकी शॉर्ट-सेलर का एक और खुलासा

हिंडनबर्ग ने सेबी प्रमुख और उनके पति पर लगाए गंभीर आरोप

### तनिक भी सच्चाई नहीं

बुच दंपति ने कहा, रिपोर्ट में लगाए गए आरोप पूरी तरह से आधारहीन और बेबुनियाद हैं। इनमें तनिक भी सच्चाई नहीं है। हमारा जीवन और वित्तीय स्थिति एक खुली किताब की तरह है। सभी जरूरी खुलासे पहले ही वर्षों से सेबी को दिये जा चुके हैं।

### आरोप किए खारिज

अदाणी समूह का कहना है कि हिंडनबर्ग द्वारा लगाए गए नए आरोप दुर्भावनापूर्ण, शरारती और बहकाने के मकसद से लगाए गए हैं। फर्म बहकाने वाले तरीके से चुनकर, तथ्यों और कानूनों की उपेक्षा कर निजी लाभ हासिल करने के लिए पूर्व निर्धारित निष्कर्षों पर पहुंची है।

### 'बड़े घोटाले' की जांच के लिए जेपीसी जरूरी: कांग्रेस

कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि इस 'बड़े घोटाले' की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति के गठन की जरूरत है। खड़गे ने आरोप लगाया कि जब तक जेपीसी इस मुद्दे की जांच नहीं करती, तब तक यह चिंता बनी रहेगी कि पिछले सात दशकों में कड़ी मेहनत कर बनाई गई भारत की संवैधानिक संस्थाओं से समझौता करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने सहयोगी को बचाते रहेंगे। कांग्रेस ने कहा कि सरकार को अडाणी समूह की नियामक की जांच में सभी हितों के टकराव को खत्म करने के लिए तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए।

### भाजपा बोली- यह विपक्षी साजिश

भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि विपक्षी दल भी हिंडनबर्ग के आरोपों के साथ सुर मिला रहे हैं। साजिश अब स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है कि वे अराजकता और अस्थिरता पैदा करना चाहते हैं, खासकर वित्तीय क्षेत्र में। विदेशी धरती से आयी ऐसी कई आलोचनात्मक रिपोर्टों को संसद सत्रों के ठीक पहले जारी किये जाने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि विपक्षी नेताओं को पता था कि ये रिपोर्ट संसद सत्र के दौरान आने वाली है। संसद का मानसून सत्र पहले सोमवार को समाप्त होना था लेकिन इसे शुक्रवार को ही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया।

---

**बाय बाय पेरिस...** | 16 दिन चला टूर्नामेंट | 206 देशों ने लिया भाग

# 2028 में लॉस एंजिलिस में मिलेंगे... मनु और श्रीजेश बने ध्वाजावाहक

- 329 स्वर्ण लगे दाव पर
- 40 स्वर्ण सहित अमेरिका ने जीते 126 पदक
- 10,500 एथलीट्स ने दी चुनौती
- 117 खिलाड़ी भारत के 6 ने जीता पदक
- 71वें स्थान पर रहा भारत




एजेंसी ▶▶| पेरिस

पेरिस ओलंपिक का रंगारंग समापन रविवार रात को हुआ। ओलंपिक खेलों की समाप्ति की घोषणा अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष थॉमस बाक ने की। ओलंपिक ध्वज का हस्तांतरण पेरिस की मेयर ऐनी हिडाल्गो ने लॉस एंजिलिस के मेयर करेन बास को किया। 16 दिन में 206 देशों ने 32 खेलों में 329 स्वर्ण पदकों के लिए चुनौती पेश की। हालांकि, अमेरिका और चीन ने बाजी मारी। दोनों के स्वर्ण पदकों की संख्या 40-40 ही रही, लेकिन रजत और कांस्य में अमेरिका चीन से आगे निकल ▶▶|शेष पेज 4 पर

### भारत के पदकवीर

| खिलाड़ी | स्पर्धा | पदक |
|---|---|---|
| नीरज चोपड़ा | भाला फेंक | सिल्वर |
| मनु भाकर | निशानेबाजी | ब्रॉन्ज |
| मनु भाकर/सरबजोत सिंह | निशानेबाजी | ब्रॉन्ज |
| स्वप्निल कुसाले | निशानेबाजी | ब्रॉन्ज |
| अमन सहरावत | कुश्ती | ब्रॉन्ज |
| भारत | हॉकी | ब्रॉन्ज |

### भारत ने जीते छह पदक

117 सदस्यीय भारतीय दल के पांच खिलाड़ियों ने छह पदक जीते। निशानेबाज मनु भाकर ने दो कांस्य पदक अपने नाम किया। सरबजोत सिंह ने निशानेबाजी में मनु के साथ कांस्य पदक जीता। निशानेबाजी में ही स्वप्निल कुसाले ने कांस्य पर कब्जा जमाया। भारतीय हॉकी टीम तीसरे स्थान पर रहते हुए कांस्य पदक जीता। भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने रजत और कुश्ती में अमन सहरावत ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

---

## खबर संक्षेप

### केजरीवाल ने हाईकोर्ट के आदेश को दी चुनौती



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की एक याचिका पर सोमवार को सुनवाई कर सकता है, जिसमें उन्होंने मई 2018 में यूट्यूबर ध्रुव राठी का वीडियो 'एक्स' पर साझा करने से संबंधित मानहानि मामले में जारी कई समन को बरकरार रखने के दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी है।

### जल्द उड़ान भरेंगे मार्क 2 फाइटर जेट

**नई दिल्ली।** भारत का स्वदेशी लड़ाकू विमान कार्यक्रम तेजी से आगे बढ़ रहा है। 4.5 जनरेशन प्लस एलसीए मार्क 2 फाइटर जेट मार्च 2026 तक उड़ान भरना शुरू कर देगा। इंडियन फिफ्थ-जनरेशन के फाइटर एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट का बड़े पैमाने पर उत्पादन 2035 तक शुरू होगा।

### लेडीज टॉयलेट के डस्टबिन में छिपाकर रखा था कैमरा

**एजेंसी।** बेंगलुरु की एक कॉफी शॉप में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। रिपोर्ट के मुताबिक बेंगलुरु की कॉफी शॉप में लेडीज टॉयलेट में छिपाकर कैमरा लगाया गया था। इस संबंध में पुलिस ने इसी शॉप के एक कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। कर्मचारी की पहचान 23 वर्षीय मनोज के रूप में हुई है।

---

# उफनती नदी में बहा वाहन, एक परिवार के आठ सदस्यों की मौत



एजेंसी ▶▶| होशियारपुर

पंजाब के होशियारपुर से लगभग 34 किलोमीटर दूर जैजों में रविवार को पानी से लबालब छोटी बरसाती नदी में एक वाहन के बह जाने से एक परिवार के आठ सदस्यों समेत नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लापता हो गए। पंजाब में हुई भारी बारिश के कारण नदी उफान पर है।

अधिकारियों ने बताया कि परिवार के 11 सदस्य स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल चालक के साथ हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले के मेहतपुर के निकट देहरा से विवाह समारोह में शामिल होने पंजाब के एसबीएस नगर जिले के मेहरोवाल गांव जा रहे थे। अधिकारियों ने कहा कि जब वाहन जैजों में भारी बारिश के कारण पानी से लबालब भरी छोटी नदी से गुजरा, तो वह बह गया। पुलिस ने कहा कि कुछ स्थानीय लोगों ने पानी की तेज लहरों के कारण वाहन चालक को नदी पार करने को लेकर आगाह भी किया, लेकिन वह उनकी बात अनसुनी कर आगे बढ़ गया। हालांकि, स्थानीय निवासी वाहन में सवार दीपक भाटिया को किसी तरह बचाकर जैजों में सरकारी चिकित्सालय ले गए। घटना के एक वीडियो में वाहन पानी से भरी नदी में फंसा हुआ दिख रहा है।

### चालक ने नहीं मानी बात

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र लांबा ने बताया कि वाहनों में सवार लोगों ने चालक को रुकने के लिए कहा, लेकिन वह वाहन को आगे ले गया, जिससे यह दुखद घटना हुई। पुलिस उपाधीक्षक जागीर सिंह ने बताया कि वाहन तेज पानी में बहकर लगभग 200 मीटर नीचे चला गया। पुलिस ने कहा कि मृतकों की पहचान सुरजीत भाटिया, उनकी पत्नी परमजीत कौर, भाई स्वरूप चंद, भाभी बिंदर, भतीजियों भावना और अनु, भतीजे हर्षित और वाहन चालक बिंद्रु के रूप में हुई है।

---

# सीएम साय की अगुवाई में तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

सीएम विष्णुदेव साय ने रविवार को यहां भाजयुमो द्वारा आयोजित तिरंगा बाइक यात्रा का शुभारंभ ध्वज दिखाकर किया। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की भी उपस्थिति रही। देश भक्ति गीतों के बीच निकली यह यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बसंतपुर में समाप्त हुई। ज्ञात हो कि आजादी का 75 वर्ष का जश्न मनाने के लिए हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत की है। कार्यक्रम के तहत रविवार को भाजयुमो द्वारा तिरंगा बाईक यात्रा आयोजित किया गया। कार्यक्रम को लेकर भाजयुमो सहित भाजपा नेताओं में काफी उत्साह रहा।



### नए बस स्टैंड से प्रारंभ हुई यात्रा

सुबह से ही भाजयुमो के कार्यकर्ता शहर के नए बस स्टैंड परिसर में एकत्र होने लगे थे। बड़ी संख्या में भाजयुमो एवं भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति बनी हुई थी। यहां प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पांडेय, वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, अशोक शर्मा ने तिरंगा ध्वज लहराकर तिरंगा बाईक रैली को रवाना किया।

---

उप मुख्यमंत्री अरुण साव बिलासपुर और विजय शर्मा बस्तर में ध्वजारोहण करेंगे

# सीएम साय रायपुर और रमन सिंह राजनांदगांव में करेंगे ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। वहीं विधानसभा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह राजनांदगांव में ध्वजारोहण करेंगे।केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला मुख्यालय में ज कि उप मुख्यमंत्री अरुण साव बिलासपुर में तथा उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा बस्तर में आयोजित मुख्य समारोह में ध्वजारोहण करेंगे। 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण के लिए सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा रविवार को मुख्य अतिथियों के नामों की सूची जारी कर दी गई है।

इसी तरह मंत्री रामविचार नेताम सरगुजा में, दयालदास बघेल महासमुंद में, केदार कश्यप दुर्ग में, लखन लाल देवांगन कोरबा में, श्याम बिहारी जायसवाल बलौदाबाजार-भाटापारा में, ओपी चौधरी जांजगीर-चांपा में, लक्ष्मी राजवाड़े ▶▶|शेष पेज 4 पर

---

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत किया गया है प्रावधान

*पोषण का स्तर बढ़ाने प्रयोग, परोसे जाएंगे प्रोटीन-विटामिन युक्त खाद्य पदार्थ*

# मध्यान्ह भोजन से पहले मिलेगा नाश्ता, फिलहाल पायलेट प्रोजेक्ट, कोरबा से जल्द होगी शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के स्कूलों में छात्रों को अब मध्यान्ह भोजन के पहले नाश्ता मिलेगा। फिलहाल इसे पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में कोरबा जिले के पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड में शुरु किया जा रहा है। सफलता मिलने के पश्चात इसे प्रदेश के अन्य जिलों में लागू किया जाएगा। इसके अंतर्गत छात्रों को प्रोटीन और विटामिन युक्त पाश्ता दिया जाएगा ताकि किसी भी तरह के पोषक तत्वों की कमी छात्रों के विकास में बाधा ना बने। स्कूल के बच्चों का मानसिक और ▶▶|शेष पेज 4 पर

### 40 हजार बच्चों को मिलेगी सुविधा

पहले चरण में पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के 409 प्राथमिक और 141 पूर्व माध्यमिक विद्यालय, कोरबा विकासखंड के 71 प्राथमिक, 38 पूर्व माध्यमिक विद्यालय, कटघोरा विकासखंड के 45 प्राथमिक और 16 पूर्व माध्यमिक शाला में मिड डे मील से पहले पौष्टिक नाश्ता प्रदाय करने की योजना की शुरुआत हो रही है। यहां लगभग 40 हजार बच्चे अध्ययनरत हैं, जिन्हें इस योजना का लाभ मिलेगा। यह पहली बार है जब प्रदेश में शासकीय विद्यालय के छात्रों को नाश्ता दिया जा रहा है। अब तक केवल मध्यान्ह भोजन ही छात्रों को प्रदान किया जाता रहा है।



### तय होगा मेन्यू

अन्य जिलों में इसे लागू किए जाने के पूर्व मेन्यू बनाने की तैयारी है। ताकि पोषण चार्ट के मुताबिक छात्रों को भोजन दिया जा सके। वर्तमान में भी मध्यान्ह भोजन क मेन्यू तय है। इसके अनुसार ही सप्ताह के 6 दिन छात्रों को भोजन दिया जाता है। नाश्ता का भी मेन्यू पोषक तत्वों और छात्रों के बौद्धिक-शारीरिक विकास को ध्यान में रखते हुए तय किया जाएगा।

चिंतन

# हिंडनबर्ग को गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं

भारत में एकबार फिर से हिंडनबर्ग का बम फूटा है। इस बार निशाने पर सेबी प्रमुख हैं। पहली बार जब इस अमेरिकी निवेश फर्म ने अडाणी समूह को अपने कई आरोपों से लपेटे में लिया था, तब भारतीय शेयर बाजार में भूचाल आ गया था। आडाणी समूह के शेयर को रातोंरात भारी नुकसान हुआ, निवेशकों के कई करोड़ रुपये डूब गए। उस वक्त शॉर्ट सेलिंग का खेल खेला गया था। भारत में अडाणी समूह विपक्ष के राजनीतिक निशाने पर रहा है, इसलिए जब हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आई तो विपक्ष के राजनीतिक आरोपों को बल मिला। हालांकि मामला सुप्रीम कोर्ट में गया, जिसमें हिंडनबर्ग के आरोप बेदम साबित हो गए। उस वक्त सेबी ने हिंडनबर्ग को नोटिस जारी किया और पक्षपातपूर्ण शॉर्ट सेलिंग के मकसद से जारी रिपोर्ट को लेकर जवाब मांगा। इस नोटिस का तो हिंडनबर्ग ने जवाब नहीं दिया, लेकिन बाजार नियामक सेबी की प्रमुख माधवी पुरी बुच व उनके पति पर पर्दे के पीछे निवेश का आरोप मढ़ दिया है। हिंडनबर्ग ने शनिवार रात को जारी एक रिपोर्ट में संदेह जताया है कि अदाणी समूह के खिलाफ कार्रवाई करने में पूंजी बाजार नियामक सेबी की अनिच्छा का कारण सेबी प्रमुख और उनके पति धवल बुच की अदाणी समूह से जुड़े विदेशी कोष में हिस्सेदारी हो सकती है। हिंडनबर्ग ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया कि माधवी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच की अडाणी ग्रुप से जुड़ी ऑफशोर कंपनी में हिस्सेदारी है। आरोप के जवाब में सेबी की प्रमुख ने कहा कि अमेरिकी शोध एवं निवेश फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च सेबी की विश्वसनीयता पर हमला करने और चेयरपर्सन की छवि खराब करने की कोशिश कर रही है। हिंडनबर्ग के इन आरोपों के जवाब में बुच दंपति ने रविवार शाम को जारी एक विस्तृत बयान में कहा कि आईआईएफएल वेल्थ मैनेजमेंट के एक फंड में उनका निवेश सिंगापुर स्थित निजी नागरिक के रूप में किया गया था। माधवी के सेबी में पूर्णकालिक सदस्य के रूप में शामिल होने से दो साल पहले यह निवेश किया गया था। इसके साथ ही दंपति ने कहा कि 2019 से ब्लैकस्टोन में वरिष्ठ सलाहकार धवल निजी इक्विटी फर्म के रियल एस्टेट पक्ष से नहीं जुड़े हैं। वर्ष 2017 में सेबी में पूर्णकालिक सदस्य के रूप में माधवी की नियुक्ति के तुरंत बाद उनकी दो परामर्श कंपनियां निष्क्रिय हो गई थीं। चूंकि, भारत में कई तरह के नियामकीय उल्लंघनों के लिए हिंडनबर्ग को कारण बताओ नोटिस भेजा गया है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि नोटिस का जवाब देने के बजाय उसने सेबी की विश्वसनीयता पर हमला करने और सेबी चेयरपर्सन की छवि भंजन का विकल्प चुना है। संपदा प्रबंधन कंपनी 360 वन ने भी हिंडनबर्ग रिसर्च की नई रिपोर्ट में किए गए दावों पर सफाई दी है कि उसके पूर्ववर्ती आईपीई-प्लस फंड-1 ने अदाणी समूह के शेयरों में कोई निवेश नहीं किया था। कंपनी 360 वन (पूर्व में आईआईएफएल वेल्थ मैनेजमेंट) ने एक बयान में कहा कि सेबी की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच का इस निवेश फंड में कुल प्रवाह का 1.5 प्रतिशत से भी कम निवेश था और किसी भी निवेशक की निवेश निर्णयों में कोई संलिप्तता नहीं थी। बुच ने कहा कि फंड ने किसी भी समय किसी भी अडाणी समूह की कंपनी के किसी भी बॉन्ड, इक्विटी या डेरिवेटिव में निवेश नहीं किया। भारतीय कंपनी व नियामकों को लेकर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट पूर्वाग्रह से ग्रसित रही है, यह साबित हो चुका है। हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट का अडाणी ग्रुप ने भी खंडन किया है कि हिंडनबर्ग ने अपने फायदे के लिए सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जानकारी का गलत इस्तेमाल किया। गहन जांच के बाद सुप्रीम कोर्ट ने जनवरी 2024 में हिंडनबर्ग के आरोपों को खारिज कर दिया था। इस बार भी सेबी प्रमुख पर लगे आरोपों पर विपक्ष की राजनीति तेज हो गई है, जो निराशाजनक है। विपक्ष को देखना चाहिए कि एक अमेरिकी फर्म की मंशा क्या है? भारत क्यों निशाने पर है?



मौद्रिक समीक्षा
सतीश सिंह


# महंगाई व विकास के बीच संतुलन

**मौद्रिक नीति समिति ने लगातार 9वीं बार रेपो दर में बदलाव नहीं करके इसे 6.5 प्रतिशत के स्तर पर यथावत रखा है। इसके पहले फरवरी 2023 में रेपो दर में बढ़ोतरी की गई थी। भारत में मुद्रास्फीति केंद्रीय बैंक द्वारा तय की गई सहनशीलता सीमा के अंदर रहने के बावजूद चिंताजनक स्तर पर है। इसलिए, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत दरों को यथावत रखा गया है। महंगाई को लेकर केंद्रीय बैंक बहुत ज्यादा संवेदनशील है और यह महंगाई और विकास दर के बीच संतुलन बनाकर अर्थव्यवस्था को मजबूत रखना चाहता है,ताकि आम आदमी को परेशानी भी नहीं हो और विकास की रफ्तार भी तेज बनी रहे।**

महंगाई और विकास के बीच संतुलन साधने के लिए ताजा मौद्रिक समीक्षा में मौद्रिक नीति समिति ने लगातार 9वीं बार रेपो दर में बदलाव नहीं करके इसे 6.5 प्रतिशत के स्तर पर यथावत रखा है। इसके पहले फरवरी 2023 में रेपो दर में बढ़ोतरी की गई थी। रिजर्व बैंक मुख्य तौर पर रेपो दर में बढ़ोतरी करके महंगाई से लड़ने की कोशिश करता है। जब रेपो दर अधिक होता है तो बैंकों को रिजर्व बैंक से महंगी दर पर कर्ज मिलता है, जिसके कारण बैंक भी ग्राहकों को महंगी दर पर कर्ज देते हैं। ऐसा करने से अर्थव्यवस्था में मुद्रा की तरलता कम हो जाती है और लोगों की जेब में पैसे नहीं होने की वजह से वस्तुओं की मांग में कमी आती है और वस्तुओं व उत्पादों की कीमत अधिक होने के कारण इनकी बिक्री में कमी आती है, जिससे महंगाई में गिरावट दर्ज की जाती है।इसी तरह अर्थव्यवस्था में नरमी रहने पर विकासात्मक कार्यों में तेजी लाने के लिए बाजार में मुद्रा की तरलता बढ़ाने की कोशिश की जाती है और इसके लिए भी रेपो दर में कटौती की जाती है, ताकि बैंकों को रिजर्व बैंक से सस्ती दर पर कर्ज मिले और सस्ती दर पर कर्ज मिलने के बाद बैंक भी ग्राहकों को सस्ती दर पर कर्ज दे। मौजूदा समय में महंगाई दर सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक के लिए चिंता का सबब बना हुआ है। केयर एज रेटिंग के अनुसार कर्ज दर के नरम नहीं होने के बावजूद वित्त वर्ष 2023-24 में ऋण वृद्धि दर 16 प्रतिशत के आसपास रही है और वित्त वर्ष 2024-25 में इसके 14 से 14.5 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है। ऐसी स्थिति भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बेहद ही सकारात्मक है। हालांकि, इसे अपवाद वाली स्थिति कहा जा सकता है। बहरहाल,कर्ज देने की रफ्तार में तेजी बनी रहने के कारण आर्थिक गतिविधियों और विकास दर दोनों में तेजी आ रही है। इसी वजह से भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2025 के लिए अपने विकास अनुमान को 7.00 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया है।

वित्त वर्ष 2023-2024 की चौथी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 7.8 रही, जबकि पिछले साल की समान तिमाही में यह 6.1 प्रतिशत रही थी। वहीं, वित्त वर्ष 2023-24 में जीडीपी वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत रही, जो भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमान से 1.2 प्रतिशत अधिक है यानी रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 7 प्रतिशत लगाया था। पिछले वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि दर 7 प्रतिशत रही थी। सांख्यिकी मंत्रालय के अनुसार विनिर्माण और खनन के क्षेत्र में मजबूत प्रदर्शन से आलोच्य अवधि में विकास दर तेज रही। विनिर्माण क्षेत्र में 9.9 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है, जो वित्त वर्ष 2022-23 में माइनस 2.2 प्रतिशत रही थी। इसी प्रकार खनन क्षेत्र में वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 7.1 प्रतिशत की दर से वृद्धि हुई, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 1.9 प्रतिशत रही थी. उल्लेखनीय है कि विनिर्माण क्षेत्र रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है.

खुदरा महंगाई अभी भी चिंता का विषय बना हुआ है, क्योंकि बाढ़ और बारिश की वजह से जुलाई, अगस्त और सितंबर महीने में खाद्य वस्तुओं की कीमत उफान पर रहने का अनुमान है। वैसे, सर्दी में इसमें कुछ नरमी आ सकती है। हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष



2025 में मुद्रास्फीति के 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है, लेकिन यह स्तर विकास के लिए निर्णायक निर्णय लेने के लिए पर्याप्त नहीं है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के अनुसार जून महीने में खुदरा महंगाई मई महीने के मुकाबले 0.33 प्रतिशत बढ़कर 5.08 प्रतिशत के स्तर पर पहुँच गई, जबकि मई महीने में यह 4.75 प्रतिशत रही थी, जो 12 महीने का निचला स्तर था। अप्रैल महीने में खुदरा महंगाई में कुछ कमी आई थी, लेकिन वह मई महीने से थोड़ी अधिक 4.83 प्रतिशत के स्तर पर थी। जून 2023 में खुदरा महंगाई 4.81 प्रतिशत थी, जबकि जुलाई 2023 में यह 4.44 प्रतिशत रही थी। महंगाई का सीधा संबंध पर्चेजिंग पावर या खरीदने की क्षमता से है। उदाहरण के लिए यदि महंगाई दर 6 प्रतिशत है, तो अर्जित किए गए 100 रुपए का मूल्य सिर्फ 94 रुपए होगा। इसलिए महंगाई के स्तर के अनुरूप निवेशकों को निवेश करना चाहिए, अन्यथा उन्हें प्रतिफल कम मिलेगा। महंगाई का बढ़ना और घटना उत्पाद की माँग और आपूर्ति पर निर्भर करता है। अगर लोगों के पास पैसे ज्यादा होंगे तो वे ज्यादा उत्पाद खरीदेंगे और ज्यादा उत्पाद खरीदने से माँग बढ़ेगी और माँग के मुताबिक आपूर्ति नहीं होने पर उत्पादों की कीमत बढ़ेगी।इस तरह, बाजार महंगाई के दुष्चक्र में फंस जायेगा। बाजार में पैसों का अत्यधिक बहाव या उत्पाद की कमी महंगाई का कारण बनता है। वहीं,अगर माँग कम होगी और आपूर्ति ज्यादा होगी तो महंगाई कम होगी।

ग्राहक खुदरा बाजार से सामान खरीदते हैं और बाजार में मौजूद उत्पादों की कीमत में हुए बदलाव को मापने का काम उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) करता है। उत्पाद और सेवाओं के लिए जो औसत मूल्य चुकाया जाता है,सीपीआई उसी को मापता है।कच्चे तेल, उत्पादों की कीमतों, निर्माण की लागत के अलावा कई अन्य चीजें भी होती हैं, जो खुदरा महंगाई दर को तय करने में अहम भूमिका निभाते हैं। वर्तमान में लगभग 300 उत्पाद ऐसे हैं, जिनकी कीमतों के आधार पर खुदरा महंगाई दर तय होती है। इसतरह,किसी की क्रय शक्ति को निर्धारित करने में मुद्रास्फीति महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मुद्रास्फीति बढ़ने पर वस्तु एवं सेवा दोनों की कीमतों में इजाफा होता है, जिससे व्यक्ति की खरीददारी क्षमता कम हो जाती है और वस्तुओं एवं सेवाओं की मांग कम होती है। फिर,उनकी बिक्री कम हो जाती है, उनके उत्पादन में कमी आती है, कंपनी को घाटा होता है,कामगारों की छंटनी होती है, रोजगार सृजन में कमी आती है आदि। इसकी वजह से आर्थिक गतिविधियां धीमी पड़ जाती हैं और विकास की गति बाधित होती है। विगत कुछ महीनों से उधारी ब्याज दर के उच्च स्तर पर बने रहने के बावजूद भी ऋण वितरण में तेजी आ रही है और विकास दर की रफ्तार भी तेज बनी हुई है। वैसे, ऐसी स्थिति अपवाद वाली है।

एचएसबीसी इंडिया का पीएमआई आंकड़ा जुलाई 2024 में 58.1 रहा, जो जून महीने में 58.3 पॉइंट रहा था और मई महीने में 57.5 पॉइंट रहा, वहीं अप्रैल महीने में यह 58.8 पॉइंट रहा था। यह आंकड़ा आर्थिक गतिविधियों में तेजी को दर्शाता है और 50 पॉइंट से अधिक इस आंकड़े के रहने का अर्थ है कि देश में आर्थिक गतिविधियों में तेजी बनी हुई है। भारत में मुद्रास्फीति केंद्रीय बैंक द्वारा तय की गई सहनशीलता सीमा के अंदर रहने के बावजूद चिंताजनक स्तर पर है। इसलिए, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत दरों को यथावत रखा गया है। मंहगाई को लेकर केंद्रीय बैंक बहुत ज्यादा संवेदनशील है और यह महंगाई और विकास दर के बीच संतुलन बनाकर अर्थव्यवस्था को मजबूत रखना चाहता है,ताकि आम आदमी को परेशानी भी नहीं हो और विकास की रफ्तार भी तेज बनी रहे।

(लेखक अर्थव्यवस्था विशेषज्ञ हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।



अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस
डॉ. अशोक कुमार वर्मा

# युवाओं को चाहिए नई दिशा


संसार के 195 देश हैं और भारत इनमें जनसंख्या की दृष्टि से प्रथम स्थान पर पहुँच गया है। इसके साथ ही भारत संसार का सबसे युवा देश है। जनसंख्या की दृष्टि से चीन विश्व में प्रथम स्थान रखता था लेकिन आज भारत विश्व का सर्वोच्च जनसंख्या वाला देश बन चुका है। यूएनएफपीए द्वारा प्रदर्शित आंकड़ों के अनुसार भारत में लगभग 68 प्रतिशत जनसंख्या 15 से 64 आयु वर्ग के व्यक्तियों की है जबकि 65 वर्ष से ऊपर की आयु के मात्र 7 प्रतिशत लोग हैं। संसार में आयु समूह की कोई सार्वभौमिक रूप से सहमत अंतर्राष्ट्रीय परिभाषा नहीं है तथापि भारत की राष्ट्रीय युवा नीति, 2014 के अनुसार 15 से 29 वर्ष की आयु के व्यक्तियों को युवा माना जाता है लेकिन आज के परिप्रेक्ष्य में जहाँ तकनीकी विज्ञान, इंटरनेट और संचार साधनों के साथ साथ मोबाइल कंप्यूटर आदि संसाधनों की पहुँच के फलस्वरूप 10 से 11 वर्ष का बच्चा भी मानसिक और बौद्धिक रूप से परिपक्व हो चुका है। आज अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस है। यद्यपि भारत में प्रतिवर्ष 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है तथापि 12 अगस्त को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में घोषित किया हुआ है। 17 दिसंबर 1999 को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा हर वर्ष 12 अगस्त को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस मनाये जाने का निर्णय लिया गया था। इसके बाद 12 अगस्त 2000 को पहली बार यह दिवस मनाया गया था। तब से लेकर हर वर्ष यह दिवस मनाया जा रहा है। इसके पीछे के कारणों पर चिंतन करना आवश्यक है। युवा किसी भी देश के लिए बहुत महत्व रखता है क्योंकि वह ही देश का भविष्य है। जिस देश का युवा जागरूक होगा वह देश उतनी ही शीघ्रता से विकास की और बढ़ेगा। इसीलिए सरकार द्वारा युवाओं को सशक्त बनाने, उनके अधिकारों को सुनिश्चित करने और समाज में उनकी भूमिका और योगदान को पहचानने के लिए समर्पित है। किसी भी देश के विकास में युवाओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है, लेकिन विकसित और विकासशील दोनों देशों में, युवाओं को मानसिक और सामाजिक जैसी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इसलिए, युवाओं को इन चुनौतियों के बारे में जागरूक करने, देश के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक मुद्दों पर उनकी भागीदारी बढ़ाने और उनकी क्षमता का सम्मान करने के लिए हर साल अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है।

युवाओं की ऊर्जा, शक्ति और सोच को सकारात्मक दिशा की ओर लेकर जाना माता-पिता, समाज और राष्ट्र का दायित्व है। 10 से 18 वर्ष की आयु युवाओं के लिए बहुत अधिक महत्वपूर्ण होती है। वे अपने आसपास के वातावरण से प्रभावित होते हैं। वे अपने शिक्षकों, मित्रों, चलचित्रों से बहुत अधिक प्रभावित होकर उनसे सकारात्मक और नकारात्मक सीख लेते हैं। सत्य तो यह है कि ये कच्चे घड़े के समान होते हैं। जिस प्रकार कुम्हार मिट्टी से बर्तन आदि बनाता है और जो आकृति वह चाहता है वैसी आकृति बना देता है उसी प्रकार समाज और आसपास के लोग जैसे होते हैं वैसे ही युवा बन जाते हैं। जैसा संग वैसा रंग वाली युक्ति यहाँ पर सर्वाधिक उपयुक्त सिद्ध होती है। माँ बच्चे के लिए सबसे प्रथम गुरु है। छत्रपति शिवाजी का उदाहरण यह सिद्ध करता है कि बाल्यावस्था में ही उनकी माता जी ने उनके अंदर देश प्रेम की भावना कूट कूट कर भर दी थी। परिणामस्वरूप छत्रपति शिवाजी महान शासक जी नहीं बने अपितु राष्ट्र के महानायक भी बने।

आज युवा पीढ़ी को नई सोच के साथ साथ सकारात्मक दृष्टिकोण देने की आवश्यकता है। भारत का युवा प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी है। आज आवश्यकता इस बात की है कि उसकी विद्यालय की प्रारम्भिक शिक्षा में ही देश प्रेम, नैतिक मूल्य, पर्यावरण के प्रति सजगता, राष्ट्र के प्रति दायित्व, संस्कार, भारत की संस्कृति और संस्कार के अध्याय जोड़े जाएं ताकि उसका जीवन नैतिकता से पूर्ण हो। महापुरषों के चरित्र उनकी शिक्षा के अध्याय में जोड़ने की आवश्यकता है। अल्पायु में खुदीराम बोस जैसे क्रांतिकारियों ने देश की स्वतंत्रता के लिए बलिदान दिया। ऐसे चरित्र उनकी शिक्षा का अध्याय होने चाहिए। क्रांतिकारी एवं स्वतंत्रता संग्राम के महानायक सुभाष चंद्र बोस की जीवनी युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत है जिन्होंने आईसीएस की परीक्षा उत्तीर्ण करके अंग्रेजों की नौकरी ठुकरा दी थी। इतना ही नहीं शिक्षा के साथ साथ जीविका उपार्जन के लिए कार्यशाला की नियमित व्यवस्था की जानी चाहिए ताकि युवा शक्ति विदेशों की और प्रस्थान न करें।

(लेखक पुलिस अधिकारी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मन को स्थिर रखना ही है जीवन का सूत्र



संकलित
दर्शन

काम, क्रोध, लोभ और मोह की स्वाभाविक वृत्तियों से घिरा हुआ मनुष्य जब अपनी असत दृष्टि से इनमें आनंद का अनुभव करने लगता है, तो उसे यह संसार खुशनुमा लगने लगता है। काम अर्थात इच्छा। जब भी किसी व्यक्ति के मन में उठी इच्छा की पूर्ति होती है, तो वह परम आनंद को प्राप्त होता है, पर वह यह भूल जाता है कि उसकी यह इच्छापूर्ति उसी तरह से उसके मन में एक और इच्छा जागृत करके उसके चित्त को अव्यवस्थित कर देगी, जिस तरह से जलती हुई अग्नि पूरी मात्र में घी पाने पर भी बुझती नहीं है, अपितु और वेग से जलने लगती है। इसी भांति से यदि अन्य किसी व्यक्ति के साथ विचार भिन्नता होती है तो वे दोनों ही पक्ष एक-दूसरे की हानि करने के लिए तत्पर हो जाते हैं और अपने चित्त की सहज शांति खो बैठते हैं। इस स्थिति में जिसकी हानि होती है वह तो दुखी होता ही है, जो लाभ में रहता है वह भी हारे हुए पक्ष की ओर से आने वाली संभावित प्रतिक्रिया से हर दम चिंता में डूबा रहता है। और इस तरह से क्रोध भी व्यक्तियों को पीड़ित करने का कारण ही बनता है। वहीं लोभ और मोह की असीमित शक्ति का तो यह हाल है कि हम अपना पूरा का पूरा जीवन इसमें लगा देते हैं कि हमारे पास इतनी अथाह संपत्ति हो, जिसकी बराबरी धरती का कोई भी दूसरा व्यक्ति कभी न कर सके और हमारी अपनी संतान भी ऐसी हो, जिसकी सुंदरता और बुद्धिमत्ता का कोई मुकाबला न हो सके। रावण से लेकर कंस आदि के उदाहरण हमारे सामने हैं, जो अपने जीवन में अपनी ऐसी ही मानसिक विकृतियों से कभी भी पार नहीं पा सके।

## आखिर कर्म ही महान है



संकलित
प्रेरणा

एक बार बुद्ध एक गांव में अपने किसान भक्त के यहां गए। शाम को किसान ने उनके प्रवचन का आयोजन किया। बुद्ध का प्रवचन सुनने के लिए गांव के सभी लोग उपस्थित थे, लेकिन वह भक्त ही कहीं दिखाई नहीं दे रहा था। गांव के लोगों में कानाफूसी होने लगी कि कैसा भक्त है कि प्रवचन का आयोजन करके स्वयं गायब हो गया। प्रवचन खत्म होने के बाद सब लोग घर चले गए। रात में किसान घर लौटा। बुद्ध ने पूछाः कहां चले गए थे? गांव के सभी लोग तुम्हें पूछ रहे थे। किसान ने कहा, दरअसल प्रवचन की सारी व्यवस्था हो गई थी, पर तभी अचानक मेरा बैल बीमार हो गया। पहले तो मैंने घरेलू उपचार करके उसे ठीक करने की कोशिश की, लेकिन जब उसकी तबीयत ज्यादा खराब होने लगी तो मुझे उसे लेकर पशु चिकित्सक के पास जाना पड़ा। अगर नहीं ले जाता तो वह नहीं बचता। आपका प्रवचन तो मैं बाद में भी सुन लूंगा। अगले दिन सुबह जब गांव वाले पुनः बुद्ध के पास आए तो उन्होंने किसान की शिकायत करते हुए कहा, यह तो आपका भक्त होने का दिखावा करता है। प्रवचन का आयोजन कर स्वयं ही गायब हो जाता है। बुद्ध ने उन्हें पूरी घटना सुनाई और फिर समझाया, उसने प्रवचन सुनने की जगह कर्म को महत्व देकर यह सिद्ध कर दिया कि मेरी शिक्षा को उसने बिल्कुल ठीक ढंग से समझा है। उसे अब मेरे प्रवचन की आवश्यकता नहीं है। मैं यही तो समझाता हूं कि अपने विवेक और बुद्धि से सोचो कि कौन सा काम पहले किया जाना जरूरी है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### भारत में मजबूत है लोकतंत्र

हमारा देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और अभी भी यहां के लोगों को लोकतंत्र पर विश्वास है। अगर यहां लोकतंत्र पर लोगों को विश्वास नहीं होता तो लोग लंबी-लंबी कतारों में लगकर अपने कीमती मत का प्रयोग कर सरकारें न चुनते और न ही अपनी मांगों के लिए धरने-प्रदर्शन कर पाते। हाल ही में अमरीकी थिंक टैंक की एक रिपोर्ट में यह बताया गया है कि कितने लोग अपने यहां के लोकतंत्र से खुश या संतुष्ट हैं। इसमें हमारा देश एशिया का दूसरा और विश्व का तीसरा देश है। यहां लगभग 77 फीसदी नागरिक लोकतांत्रिक व्यवस्था से खुश या संतुष्ट हैं। हमारे देश के लोकतंत्र पर उंगली उठाने वाले देशों में जर्मनी, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, अमरीका आदि के लोग अपने लोकतंत्र से उतने संतुष्ट नहीं हैं। यह रपट उन लोगों को भी आईना दिखाती है, जो अपने ही देश के लोकतंत्र पर सवाल खड़े करते हैं। *- किरण खरे, बलौदा बाजार*

## ट्रेंड

### नटवर का समृद्ध योगदान



नटवर सिंह के निधन से दुखी हूं। उन्होंने कूटनीति और विदेश नीति की दुनिया में समृद्ध योगदान दिया। वह अपनी बुद्धिमत्ता के साथ-साथ बेहतरीन लेखन के लिए भी जाने जाते थे। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं। -नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

### निधन से दुखी हूं



पूर्व विदेश मंत्री, पद्म भूषण से सम्मानित कुंअर नटवर सिंह जी के निधन का दुखद समाचार प्राप्त हुआ। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे एवं शोकाकुल परिजनों को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करे। -अखिलेश यादव, पूर्व सीएम यूपी

### अर्थव्यवस्था में समस्याएं



बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने और बैंकों में लोगों का भरोसा बहाल करने की है। अर्थव्यवस्था में कई तरह की समस्याएं हैं। -सालेहुद्दीन अहमद
वित्त व योजना सलाहकार, बांग्लादेश

### लोकार्नो को धन्यवाद



इस बेहद सुंदर, सांस्कृतिक, कलात्मक शहर लोकार्नो में बाहें फैलाकर मेरा स्वागत करने के लिए मैं आप सभी को धन्यवाद देता हूं। शाहरुख खान को स्विट्जरलैंड में 'पार्डो अला कैरियरा अवार्ड-लोकार्नो टूरिज्म' या 'करियर लेपर्ड' से सम्मानित किया गया। -शाहरुख खान, अभिनेता

## करंट अफेयर

### तुर्किये ने इंस्टाग्राम पर लगाया प्रतिबंध हटाया



तुर्किये ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम तक उपयोगकर्ताओं की पहुंच शनिवार को बहाल कर दी। देश के सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी प्राधिकरण ने दो अगस्त को बिना कोई विशेष कारण बताए इंस्टाग्राम तक पहुंच प्रतिबंधित कर दी थी। बाद में सरकारी अधिकारियों ने कहा था कि प्रतिबंध इसलिए लगाया गया, क्योंकि सोशल मीडिया मंच तुर्किये के कानूनों का पालन करने में विफल रहा है। तुर्किये के परिवहन एवं बुनियादी ढांचा मंत्री अब्दुलकादिर उरालोग्लू ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'इंस्टाग्राम के अधिकारियों के साथ बातचीत में हमें आश्वासन दिया गया कि हमारा अनुरोध स्वीकार किया जाएगा, खासतौर पर आपराधिक गतिविधियों से संबंधित अनुरोध। हमसे वादा किया गया कि हम उपयोगकर्ताओं को सेंसर करने के उपायों पर मिलकर काम करेंगे।' उरालोगलू ने 'एक्स' पर एक वीडियो साझा करते हुए बताया कि इंस्टाग्राम 'तुर्किये के कानून का अनुपालन सुनिश्चित करेगा और जिन मामलों में कानून का उल्लंघन किया गया है, उनमें त्वरित एवं प्रभावी हस्तक्षेप करेगा।' मंत्री ने कहा कि 'आतंकवादी' संगठनों से जुड़े सभी अकाउंट पर प्रतिबंध लगाया जाएगा।

## ऑफ बीट

### खाज एक प्रकार का त्वचा संक्रमण है



खाज एक प्रकार का त्वचा संक्रमण है, जो सरकोप्टेस स्कैबी (एक प्रकार के सूक्ष्म कीटाणु) के कारण होता है। यह हमारी त्वचा के नीचे पनपता है धीरे-धीरे फैलने लगता है। आमतौर पर इसके लक्षणों में खुजली भरे दाने, त्वचा पर सूजन या फिर खरोंच शामिल हैं। आपको त्वचा फटती भी नजर आ सकती हैं, जो दिखने में मोटी, छोटी या फिर बेरंग लकीरों जैसी प्रतीत होती है। खाज सामान्य रूप से आपके शरीर पर ऐसी जगह होती है, जहां त्वचा आपस में जुड़ती है जैसे उंगलियों के बीच, काख (आर्मपिट) या फिर गुप्तांग वाली जगह। रात में या फिर गर्म पानी से नहाने के बाद खाज ज्यादा तेज होने लगती है। खाज अन्य प्रकार की त्वचा समस्याओं की ही तरह दिखाई देती है जैसे एक्जिमा, सोरायसिस या फिर रूखी त्वचा। इस संक्रामक त्वचा रोग को फैलाने वाला कीट इंसानों के शरीर के अलावा अन्य चीजों पर मुश्किल से 48 घंटों तक जीवित रहता है। इतना ही नहीं खुजली करने से आपको दूसरा जीवाणु (बैक्टीरियल) संक्रमण हो सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, दुनियाभर में कम से कम 20 करोड़ लोगों को कभी न कभी खाज होती है।

### अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# केदारनाथ से जोड़ने वाले पुल पर दरारें... कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

**नई दिल्ली।** केरल के वायनाड में पिछले दिनों हुए भूस्खलन से बड़ी संख्या में जानें गई हैं। ऐसे ही भूस्खलन का खतरा उत्तराखंड में भी मंडरा रहा है। उत्तराखंड में इन दिनों मौसम खराब है। बीती रात तुंगनाथ घाटी में मूसलाधार बारिश से काफी नुकसान हुआ है। कुंड-ऊखीमठ-चोपता-गोपेश्वर राजमार्ग पर कई जगहों पर भू-धंसाव हुआ है। वहीं, रुद्रप्रयाग-गौरीकुंड राष्ट्रीय राजमार्ग को केदारघाटी व केदारनाथ से जोड़ने के लिए कुंड स्थित मंदाकिनी नदी पर बना लोहे के पुल पर खतरा मंडराने लगा है। पुल पर भी दरारें पड़ गई हैं। नदी के तेज बहाव से पुल के एक पिलर की बुनियाद तेजी से खोखली हो रही है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

## वायनाड के बाद उत्तरांचल-हिमाचल के कई इलाकों पर मंडराया खतरा



### राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेजी से हो रहा भू-कटाव

बता दें कि तुंगनाथ घाटी के उसाड़ा गांव में मंदाकिनी आकाशकामिनी नदी उफान पर है। जिसके तेज बहाव से व्यापक भू-कटाव हुआ है। गांव में खेती से लेकर रास्तों और कुंड-गोपेश्वर हाइवे पर भी दरारें पड़ गई हैं। केदारघाटी में लगातार हो रही बारिश से मंदाकिनी नदी का जलस्तर बढ़ने के साथ ही बहाव तेज हो गया है। जिससे कई जगहों पर तेजी से भू-कटाव हो रहा है। नदी के तेज बहाव से रुद्रप्रयाग-गौरीकुंड राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुंड में बना लगभग 48 मीटर स्पान के लोहे का पुल भी खतरे की जद में आ गया है। पुल का एक पिलर नदी के बहाव से खोखला हो रहा है, जिससे बड़े खतरे की आशंका है।



**हिमालयी क्षेत्रों पर भूस्खलन का खतरा :** भूस्खलन का खतरा हिमालयी क्षेत्रों सहित देश के पहाड़ी इलाकों पर मंडराने लगा है। कश्मीर से लेकर पूर्वोत्तर के राज्यों में भूस्खलन सबसे अधिक मारक आपदाओं में गिना जाता है। जलवायु परिवर्तन के कारण जल आपदाओं की आवृत्ति में वृद्धि के साथ ही भूस्खलन आपदाओं में भी वृद्धि देखी जा रही है।

### 1962 में चीन युद्ध के बाद निर्माण

*वर्ष 1962 में चीन युद्ध के बाद सामरिक सुरक्षा की दृष्टि से ऋषिकेश-बदरीनाथ राजमार्ग के निर्माण किया गया था। साथ ही रुद्रप्रयाग-गौरीकुंड सड़क भी बनाई गई। वर्ष 1965 में सड़क को जोड़ने के लिए मंदाकिनी नदी पर कुंड में 50 मीटर स्पान का लोहे का पुल भी बनाया गया।*



## खबर संक्षेप

### सुप्रिया सुले का मोबाइल फोन व व्हाट्सएप हैक



**नई दिल्ली।** राकांपा नेत्री व सांसद सुप्रिया सुले का मोबाइल हैक हो गया है। जिसके वजह से उनके मोबाइल की सभी सेवाएं हैक हुई हैं। जिसमें मुख्य रूप से व्हाट्सएप है। इसको लेकर सुले ने अपने एक्स पर पोस्ट करते हुए जानकारी दी है। उन्होंने अपने एक्स पर लिखा है कि मैं पुलिस के संपर्क में हूं, मैंने इसकी ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा ली है। कृपया आप लोग मुझे कॉल या मैसेज नहीं करें। उन्होंने बारामती में यावत पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। इस मामले में उन्होंने जिले के एसपी पंकज देशमुख से भी बातचीत की।

### केजरीवाल का सरकारी बंगला सजाने वाले तीन इंजीनियर सस्पेंड



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सिविल लाइंस इलाके में आधिकारिक सरकारी बंगले के निर्माण में कथित अनियमितता बरतने को लेकर सीपीडब्ल्यूडी के तीन इंजीनियरों को निलंबित कर दिया गया है। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि तीनों इंजीनियर, जो पहले दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग के तहत काम करते थे, उत्तरी दिल्ली के सिविल लाइंस में 6, फ्लैगस्टाफ रोड पर मुख्यमंत्री केजरीवाल के आधिकारिक आवास के निर्माण कार्य से जुड़े थे।

बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना का बड़ा आरोप

# मुझे सत्ता से हटाने के लिए रची गई थी बड़ी साजिश, अमेरिका है पीछे

## सेंट मार्टिन द्वीप अमेरिका को दे दिया होता तो नहीं होती बेदखल

*नई दिल्ली। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने बड़ा आरोप लगाया है और उन्होंने कहा है कि मुझे सत्ता से हटाने के लिए बड़ी साजिश रची गई थी। उन्होंने अमेरिका पर उन्हें सत्ता से बेदखल करने का आरोप लगाया है। हसीना ने कहा है कि सेंट मार्टिन द्वीप नहीं देने के कारण ही अमेरिका ने उन्हें सत्ता से हटाने की योजना बनाई थी। शेख हसीना का कहना है कि इस द्वीप के मिलने से अमेरिका को बंगाल की खाड़ी पर प्रभाव जमाने में मदद मिल सकती थी। हसीना ने अपने देश के लोगों को आगाह किया और कहा कि आप सब कट्टरपंथियों के बहकावे में न आएं। एक अखबार की रिपोर्ट में कहा गया है कि शेख हसीना ने अपने करीबी सहयोगियों के जरिए भेजे गए संदेश में ये बातें कही है। बता दें, हसीना ने छात्रों के उग्र विरोध प्रदर्शन के बाद 5 अगस्त को पीएम पद से इस्तीफा देकर देश छोड़ दिया था। वे फिलहाल भारत में सुरक्षित स्थान पर रह रही हैं।*



### यह लिखा संदेश में

*संदेश में हसीना ने कहा, 'मैंने इस्तीफा दे दिया, ताकि मुझ लाशों का जुलूस न देखना पड़े। वे छात्रों की लाशों पर सत्ता में आना चाहते थे, लेकिन मैंने ऐसा नहीं होने दिया। मैंने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं सत्ता में बनी रह सकती थी, अगर मैंने सेंट मार्टिन द्वीप की संप्रभुता को त्याग दिया होता और अमेरिका को बंगाल की खाड़ी पर अपना प्रभुत्व कायम करने दिया होता। मैं अपने देश के लोगों से विनती करती हूं, कृपया कट्टरपंथियों के बहकाएं में न आएं।'*

### अमेरिका के लिए सेंट मार्टिन द्वीप की अहमियत

साल 1900 में ब्रिटिश सर्वेक्षणकर्ताओं की एक टीम ने सेंट मार्टिन द्वीप को भारत में ब्रिटिश राज के हिस्से के रूप में शामिल किया और इसका नाम एक ईसाई पुजारी सेंट मार्टिन के नाम पर रखा गया था। बंगाल की खाड़ी में मौजूद होने के चलते यह द्वीप रणनीतिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण है। अमेरिकी इस द्वीप पर बेस बनाकर चीन के बढ़ते खतरे के खिलाफ इलाके में अपनी उपस्थिति चाहता हैं। क्षेत्र में अमेरिका की सैन्य मौजूदगी उसे चीन पर बढ़त दिलाएगी। वहीं, मुश्किल यह है कि बांग्लादेश के चीन के साथ भी अच्छे संबंध हैं। बांग्लादेश को कर्ज देने वालों में चीन सबसे आगे है। ऐसे में शेख हसीना सरकार बंगाल की खाड़ी को महाशक्तियों के बीच मुकाबले का मैदान नहीं बनने देना चाहती थीं। बंगाल की खाड़ी में किसी बाहरी देश का सैन्य अड्डा भारत के लिए भी सहज स्थिति नहीं होगी।


### भारत में घुसपैठ की कोशिश करते 11 बांग्लादेशी गिरफ्तार

*बांग्लादेश के 11 नागरिक पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, मेघालय सीमाओं के जरिए भारत में घुसपैठ की कोशिश करते पकड़े गए हैं। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की ओर से यह जानकारी दी गई है। दरअसल, बांग्लादेश में छात्र आरक्षण विरोधी आंदोलन कर रहे हैं। इस वजह से वहां हिंसा का दौर चल रहा है। अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जा रहा है। लोग अपनी जान बचाकर सीमा पार कर भारत आने की कोशिश कर रहे हैं। इसी का फायदा उठाकर घुसपैठिए भी सीमा पार करने की साजिश रच रहे हैं। बीएसएफ की ओर से रविवार को बताया गया कि पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और मेघालय में अंतरराष्ट्रीय सीमा के जरिए भारत में घुसपैठ की कोशिश कर रहे 11 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। बयान में कहा गया कि पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा सीमा से दो-दो और मेघालय सीमा से सात को पकड़ा गया है।*




**अमेरिकी चुनाव :** *ट्रंप की चुनाव अभियान टीम का बड़ा आरोप*

# ईरान के हैकरों ने कर लिया ट्रंप का ईमेल हैक!



एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति चुनाव प्रचार अभियान की कमान संभाल रही टीम ने कहा कि उनके ई-मेल हैक किए गए हैं। टीम ने दावा किया कि ईरान के लोग इन संवेदनशील आंतरिक दस्तावेज चुराने और उनके प्रसार में शामिल हैं। हालांकि, प्रचार अभियान की कमान संभालने वाली टीम ने ईरान की संलिप्तता को लेकर सीधे कोई सबूत नहीं दिया, लेकिन उसका यह दावा माइक्रोसॉफ्ट की ओर से एक रिपोर्ट जारी किए जाने के बाद आया है।

इस रिपोर्ट में 2024 में अमेरिकी अभियान में हस्तक्षेप करने के विदेशी एजेंटों के प्रयासों का विवरण दिया गया है। ट्रम्प के चुनाव प्रचार अभियान के प्रवक्ता स्टीवन चेउंग ने हैकिंग के लिए 'अमेरिका के प्रति शत्रुता रखने वाले विदेशी स्त्रोतों' को जिम्मेदार करार दिया है। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के एक प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि उसने अनुचित विदेशी हस्तक्षेप की रिपोर्ट को 'बेहद गंभीरता से' लिया है और वह अमेरिकी लोकतांत्रिक संस्थानों में विश्वास को कम करने का प्रयास करने वाली सरकार या संस्था की निंदा करती है।

### ईरान ने किया इंकार

*संयुक्त राष्ट्र में ईरान के मिशन से जब ट्रंप के प्रचार अभियान के दावे के बारे में पूछा गया तो उसने इसमें शामिल होने से इनकार कर दिया । मिशन ने बताया, 'हम ऐसी रिपोर्टों पर कोई भरोसा नहीं करते।' 'ईरानी सरकार के पास न तो अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में हस्तक्षेप करने का कोई इरादा या मकसद है और न ही वह ऐसा करती है।'*



## जैकेट के शेष

### हरिभूमि में...

निष्ठा पांडे, ज्वाइंट कलेक्टर मेनका प्रधान के साथ सीएमएचओ, कृषि विभाग, स्कूल विभाग के अधिकारी शामिल होंगे। इस पूरे मामले में एक और खास बात जो निकलकर सामने आई है कि मुंगेली कलेक्टर ने पिछले महीने 15 जुलाई को 22 लोगों का मेडिकल संभागीय बोर्ड से कराने का आदेश दिया था, लेकिन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से ऐसा नहीं हो सका। बता दिया कि मशीन, जिसे ब्रेन स्टेन इवोक्ड रिस्पोंस आडियोमेट्री (बैरा) कहते हैं खराब हो गई है। हाल यह है कि एक महीने बाद भी मशीन नहीं सुधर सकी है। शासन की कई योजनाओं सहित शासकीय नौकरी में भी दिव्यांगों को वरीयता दी जाती है। इसके लिए संभाग स्तर मेडिकल बोर्ड द्वारा कड़ी जांच के बाद ही दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किए जाते हैं। श्रवणबाधित दिव्यांगता के मामलों में मेडिकल बोर्ड के विशेषज्ञ सीधे भौतिक परीक्षण से बहरेपन का पता नहीं लगा पाते हैं। इसी का फायदा कुछ गिरोह वाले उठा रहे हैं जो फर्जी प्रमाण पत्र लगातार बना रहे हैं। खास तौर पर बिलासपुर, मुंगेली, जांजगीर से अधिकांश श्रवणबाधित बने हैं। एक गांव के एक ही वर्ग से एक साथ इतने सफल अभ्यर्थियों के श्रवणबाधित होने पर लंबे समय से सवाल विकलांग संघ उठा रहा है लेकिन जांच और कार्रवाई दूर की बात है।

### बोल दिए .मशीन ....

कलेक्टर ने इसका संज्ञान लिया और 15 जुलाई 2024 को 22 लोगों का मेडिकल संभागीय बोर्ड से कराने का आदेश दिया। इसकी पूरी सूची और उन अभ्यर्थियों के नाम हरिभूमि के पास है। इन 22 लोगों का मेडिकल संभागीय मुख्यालय बिलासपुर सिम्स में होना था। लिस्ट जारी होते ही फर्जीवाड़ा करने वाले गिरोह के लोग सक्रिय हो गए। इससे पहले कि मेडिकल हो पाता सिम्स की ओर से बता दिया गया कि मशीन खराब हो गई है, इसलिए किसी प्रकार का टेस्ट नहीं हो पाएगा। यह भी कह दिया गया कि हाल-फिलहाल इसके ठीक होने की कोई उम्मीद भी नहीं है। इसके बाद से इन फर्जी लोगों का मेडिकल कराने का मामला ठंडे बस्ते में चला गया।

### अब राज्य मेडिकल ....

यह भी है कि इनमें से अधिकतर का सरनेम राजपूत, राठौर और सिंह है। हरिभूमि ने इस बारे में 11 अगस्त को खबर प्रकाशित की थी। इसके बाद से प्रशासनिक अमला हरकत में आता दिख रहा है। मुंगेली की ज्वाइंट कलेक्टर मेनका प्रधान ने बताया कि सोमवार को कमेटी की बैठक बुलाई गई है। इसमें तय किया जाएगा कि जिनके खिलाफ भी शिकायत हैं उनके श्रवण बाधित सर्टिफिकेट की गहनता से जांच हो और उनका राज्य मेडिकल बोर्ड में टेस्ट कराया जाए।

### कृषि विभाग में हुई...

इसमें जमकर फर्जीवाड़ा किया गया। जिनकी नियुक्ति हुई उनमें से अधिकांश लोगों ने श्रवण बाधित होने का फर्जी विकलांगता प्रमाण पत्र पेश किया है। इसके साथ ही वर्तमान में पीएससी से सलेक्ट होकर 7 डिप्टी कलेक्टर, 3 नायब तहसीलदार, 3 लेखा अधिकारी, 3 पशु चिकित्सक, 2 सहकारिता निरीक्षक सहित 21 लोग फर्जी दिव्यांग प्रमाण-पत्र लगाकर सरकारी नौकरी कर रहे हैं।

### नक्सलियों के शहरी ....

करने में एक बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। हिरासत में लिए गए नक्सली एजेंटों के खाते में तेंदूपत्ता ठेकेदार व अन्य ठेकेदारों द्वारा सीधे लाखों-करोड़ों रुपए ट्रांजेक्शन करने की पुष्टि हुई है। वहीं मामले के मुख्य आरोपी विवेक सिंह बैंक का अकाउंट विदेश के मॉरीशस के बैंक से जुड़ा हुआ है। राजनांदगांव रेंज के आईजी दीपक झा के निर्देश में एसपी वायपी सिंह के नेतृत्व में एएसपी मयंक गुर्जर, एएसपी पीतांबर पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डीसी पटेल, एसडीओपी मयंक तिवारी की अलग-अलग टीम मामले की जांच में जुटी हुई है।

### बस्तर के चार ....

लोड कर तेलंगाना के हैदराबाद ले जाते वाहनों को रोक कर पूछताछ की गई और वीडियो बनाया गया। कोंटा थानेदार अजय सोनकर मौके पर पहुंचे और दो ट्रकों को थाने लाया और रात को उसे छोड़ दिया गया। अगले दिन शनिवार की सुबह कोंटा के एक लॉज में ठहरे 4 पत्रकार कोंटा सीमा पर आंध्रप्रदेश के चट्टी गए हुए थे, जहां उन्हें कार में गांजा रखने के आरोप में चिंतुर की पुलिस ने हिरासत में लिया और अपने साथ थाने ले गई। चिंतुर थाना आंध्रप्रदेश के अल्लूरी सीतारामा राजू जिले में है। मामला पत्रकारों का होने के कारण गृहमंत्री तक बात पहुंची और बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने वहां के आईजी से इस संबंध में चर्चा की। दोपहर तक एफआईआर दर्ज नहीं हुई थी।

**टीआई पर साजिश का आरोप :** आला अफसरों ने इस मामले को तत्काल संज्ञान में लिया। सुकमा एसपी किरण गंगाराम चव्हाण ने कोंटा टीआई अजय सोनकर को रक्षित केंद्र सुकमा में अटैच कर दिया है। उन्होंने रविवार को आदेश जारी कर दिया है। आईजी ने बताया कि दंतेवाड़ा के पत्रकार बप्पी राय की कार में 40 किलो गांजा मिलने के मामले की जांच चिंतुर पुलिस कर रही है। वहां के थानेदार और अन्य अधिकारी कोंटा आकर पूरी पड़ताल कर रहे है।

### श्रद्धालुओं से भरी ...

मच गई और इसकी जानकारी भोरमदेव पुलिस तथा डॉयल 112 को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने मृतका का शव बरामद कर सभी घायलों को अस्पताल दाखिल कराया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि पिकअप वाहन में 20 से अधिक लोग सवार थे। **मंदिर दर्शन के बाद जा रहे थे बांध :** बताया जा रहा है कि श्रद्धालु भोरमदेव मंदिर दर्शन करके सरोदा बांध घूमने जा रहे थे। पिकअप सवार श्रद्धालु, बेमेतरा जिले के ग्राम किरकी के रहने वाले थे। भोरमदेव थाना क्षेत्र के हरमो गांव के पास यह हादसा हुआ। सिंगल रोड पर तेज रफ्तार से भाग रहे पिकअप पलटकर दूर खेत में जा गिरी। पिकअप के पलटते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई। महिलाएं चीखती-चिल्लाती और दहाड़ें मारकर रोती दिखीं।

### रियासतकालीन भैरम जात्रा ...

लिया जाता है। चाहे विवाह हो या उपनयन, सभी संस्कारों में भैरम बाबा का आशीर्वाद लेने पर सभी कार्य निर्विघ्न संपन्न होते हैं। राजपुरोहित पं. जोगेन्द्र महापात्र जोगी ने कहा कि महाराजा प्रवीरचंद्र भंजदेव स्वयं भी भैरम मंदिर में पूजा अर्चना करने आते थे। आज भी राजपरिवार कई अवसरों पर मंदिर में भैरम बाबा का आशीर्वाद लेने पहुंचते हैं।

# नटवर ने ही किया था सोनिया को 'बड़ी नेता' बनाने का काम

**पद से हटाने पर हो गए थे बागी, श्रीमती गांधी ने घर जाकर मांगी थी माफी**

**अपनी आत्मकथा 'वन लाइफ इस नॉट इनफ' को लेकर रहे सुर्खियों में**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




देश के पूर्व विदेश मंत्री और कांग्रेस के दिग्गज नेता नटवर सिंह का रविवार को निधन हो गया है। राजस्थान के भरतपुर जिले के रहने वाले नटवर कांग्रेस के 'राजदार' और गांधी परिवार के काफी करीबी माने जाते थे। 1984 में इंदिरा गांधी ने ही उनकी सियासत में एंट्री करवाई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार नटवर सिंह जवाहरलाल नेहरू के साथ नाश्ता किया करते थे और जब सोनिया गांधी राजनीति में आईं तो उन्हें 'बड़ी नेता' बनाने का काम नटवर सिंह ने ही किया। यह भी बताया जाता है कि सोनिया गांधी की हिंदी सुधरवाने का काम भी नटवर सिंह ने ही किया था। वहीं जब सोनिया के खिलाफ पार्टी में बगावत हुई तो उन्होंने इसे अच्छे से संभाला। कहा जाता है, नटवर सिंह पहले व्यक्ति थे, जिन्होंने 1967 में सोनिया गांधी और राजीव गांधी की होने वाली शादी की खबर सबसे पहले इंदिरा गांधी को बताई थी।

### 31 साल तक रहे विदेश सेवा में

नटवर सिंह का जन्म राजस्थान के भरतपुर में हिंदू जाद परिवार में हुआ था। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा ग्वालियर के सिंकदा स्कूल से की थी और दिल्ली के सेंट स्टीफन कॉलेज से अपनी स्नातक की डिग्री ली थी। नटवर सिंह 1953 में भारतीय विदेश अधिकारी के तौर पर काम करना शुरू किया था और उन्होंने अपनी जिंदगी के 31 साल भारतीय विदेश सेवा को दिए थे। 2004 में जब मनमोहन सिंह के नेतृत्व में यूपीए सरकार बनी, तब उन्हें विदेश मंत्री बनाया गया। हालांकि ईरान से तेल के बदले अनाज कांड में उनका नाम आया, इसके बाद उन्हें मंत्रिमंडल से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। इसके बाद वह बागी हो गए थे।

### 'वन लाइफ इस नॉट इनफ'

नटवर सिंह ने अपनी आत्मकथा 'वन लाइफ इस नॉट इनफ' में कहा है कि किताब आने से ठीक 2 महीने पहले सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी ने घर आकर माफी मांगी थी। जब किताब को लेकर अखबारों में नटवर सिंह का इंटरव्यू छपा तो उन्होंने बताया कि सोनिया गांधी नटवर सिंह से मिलने का प्रयास करती हैं, प्रियंका गांधी भी फोन करती है और नटवर सिंह एक हफ्ते के बाद मिलने का वक्त देते हैं। नटवर सिंह के अनुसार, "जब प्रियंका हफ्ते भर बाद मिलने पहुंचती है तो वह बताती है कि उनकी मां सोनिया ने उन्हें भेजा है। प्रियंका गांधी नटवर सिंह से सवाल करती हैं कि वह मई 2004 के घटनाक्रम के बारे में कुछ लिखेंगे? इसी दौरान सोनिया गांधी भी कमरे में दाखिल हो जाती है और नटवर इससे हैरान हो जाते हैं।"

### आपने मेरे साथ गलत किया

हालांकि नटवर सिंह सोनिया गांधी को भरोसा देते हैं कि वह कोई घटिया बात किताब में नहीं लिखेंगे। वह सोनिया गांधी के सामने ही बोलते हैं कि उनके साथ गलत हुआ है। नटवर सिंह ने इंटरव्यू के दौरान कहा था, "मैंने सोनिया से कहा कि आपने मेरे साथ गलत किया। इसके जवाब में सोनिया ने कहा कि उन्हें जानकारी नहीं थी। फिर मैंने जवाब दिया कि आपके बिना तो कांग्रेस में पत्ता तक नहीं मिलता। बाद में सोनिया ने मुझसे माफी मांगी थी।"

# 24 घंटों में 10 ठिकानों पर किया मिसाइल अटैक, थर्राया इजराइल

**आतंकी संगठन हिजबुल्लाह ने किए हमले तेज, नेतन्याहू का भी पलटवार**

एजेंसी ▶▶ बेरूत

हमास के खिलाफ युद्ध में उलझे इजराइल पर उसके नए दुश्मन हिजबुल्लाह ने हमले तेज कर दिए हैं। रविवार को शिया आदोलन ने जानकारी दी कि लेबनान से संचालित आतंकी संगठन हिजबुल्लाह ने पिछले 24 घंटों में इजराइली सेना के खिलाफ 10 युद्ध अभियान चलाए, जिसमें ऊपरी गलील में बस्तियों पर बड़े पैमाने पर मिसाइल हमला भी शामिल है। इजराइल ने पिछले दिनों हिजबुल्लाह के कई कमांडरों को



मौत की नींद सुलाया था। हिजबुल्लाह हमास चीफ इस्माइल हानियेह की मौत और अपने कमांडरों की मौत को लेकर इजराइल से बदला लेने के लिए छटपटा रहा है। हिजबुल्लाह के बयानों के अनुसार, लेबनान-इजराइल सीमा पर कई दृश्य नियंत्रण प्रणालियों को नष्ट कर दिया गया।

### अपने कमांडरों की मौत का बदला ले रहा हिजबुल्लाह

हाल के हफ्तों में, इजराइली सेना ने दक्षिणी लेबनान में हवाई हमलों में कई उच्च रैंकिंग वाले हिजबुल्लाह कमांडरों और गुर्गों के मौत की सूचना दी है। हिजबुल्लाह उत्तरी इज़रायल में बड़े पैमाने पर गोलाबारी के साथ प्रत्येक कार्रवाई का जवाब दे रहा है, दर्जनों रॉकेट और ड्रोन से हमला किया है। प्रायः, लेबनान से गोलाबारी के कारण उत्तरी इज़राइल में आग लग जाती है, जहां सैकड़ों हेक्टेयर भूमि पहले ही झुलस चुकी है। जून के मध्य में, इजराइली सैन्य कमान ने लेबनान में एक आक्रामक के लिए युद्ध योजनाओं की मंजूरी की घोषणा की।

# राष्ट्रपति निर्वाचित होने पर करों को समाप्त करने का हैरिस ने किया वादा

**लास वेगास।** अमेरिका में डेमोक्रेटिक पार्टी की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस ने शनिवार को जनता से वादा किया कि वह रेस्तरां कर्मचारियों और अन्य सेवा कर्मचारियों को दिए जाने वाले टिप पर लागू करों को समाप्त करने की दिशा में काम करेंगी। हैरिस से पहले उनके प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप भी अपने चुनाव प्रचार अभियान के दौरान ऐसा ही वादा जनता से कर चुके हैं।



### दोनों कर रहे एक जैसे वादे

दिलचस्प बात यह है कि राष्ट्रपति पद के दोनों उम्मीदवार अपने चुनाव प्रचार में लगभग एक जैसी ही बात कर रहे हैं। हैरिस ने लास वेगास के नेवादा विश्वविद्यालय परिसर में एक रैली में यह घोषणा की। लास वेगास की अर्थव्यवस्था काफी हद तक होटल, रेस्तरां और मनोरंजन उद्योगों पर निर्भर है।

## पेज एक के शेष

### छत्तीसगढ़ में हाथी...

हैं कि इन हाथियों को काबू में करने वन विभाग ने करोड़ों रुपए फूंक दिए, पर समस्या खत्म होने के बजाय बढ़ती ही गई। वर्तमान में राज्य में 300 से ज्यादा हाथी मौजूद हैं। भारतीय वन्यजीव संस्थान ने राज्य में हाथियों को लेकर अध्ययन के बाद दावा किया है कि देश में हाथियों की कुल आबादी में से एक प्रतिशत हाथी छत्तीसगढ़ में है, लेकिन देश के अन्य राज्यों की तुलना में छत्तीसगढ़ में मानव-हाथी द्वंद्व का अनुपात 15 प्रतिशत है।

जानकार राज्य में मानव-हाथी द्वंद्व बढ़ने की वजह राज्य में खंडित वनक्षेत्र के साथ लोगों की वनों पर आश्रित होना मानते हैं। हाथियों को रहवासी क्षेत्र में आने से रोकने सबसे ज्यादा खर्च गजराज वाहन खरदीने के साथ सोलर फेंसिंग लगाने में किया गया है। इसके अलावा रेडियो कॉलर लगाने में राशि खर्च की गई।

### हिंडनबर्ग के आरोपों...

पता लगाने और 'घोटाले' की पूरी जांच के लिए एक संयुक्त संसदीय समिति गठित करने की भी मांग की है। वहीं सेबी प्रमुख और उनके पति ने एक संयुक्त बयान जारी कर हिंडनबर्ग के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इसे पूरी तरह से बेबुनियाद बताया है। हिंडनबर्ग का आरोप है कि इन कोषों का इस्तेमाल धन की हेराफेरी करने और समूह के शेयरों की कीमतें बढ़ाने के लिए किया गया था। हिंडनबर्ग ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा, आईआईएफएल में एक प्रमुख के हस्ताक्षर वाले फंड की घोषणा में कहा गया है कि निवेश का स्रोत 'वेतन' है और दंपति की कुल संपत्ति एक करोड़ अमेरिकी डॉलर आंकी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, दस्तावेजों से पता चलता है कि अच्छी साख वाले हजारों भारतीय म्यूचुअल फंड होने के बावजूद सेबी की चेयरपर्सन माधवी बुच और उनके पति ने कम परिसंपत्तियों के साथ एक बहुस्तरीय विदेशी कोष में हिस्सेदारी ली थी।

**पहले भी लगा था आरोप :** इससे पहले जनवरी, 2023 में हिंडनबर्ग रिसर्च ने आरोप लगाया था कि अदाणी समूह 'खुल्लम-खुल्ला शेयरों में गड़बड़ी और लेखा धोखाधड़ी' में शामिल रहा है। उस समय अदाणी समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज 20,000 करोड़ रुपए का अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम (एफपीओ) लाने की तैयारी कर रही थी। विविध कारोबारों में सक्रिय समूह ने कहा था, रिपोर्ट कुछ और नहीं बल्कि चुनिंदा गलत और निराधार सूचनाओं को लेकर तैयार की गयी है और जिसका मकसद पूरी तरीके से दुर्भावनापूर्ण है। जिन बातों के आधार पर रिपोर्ट तैयार की गयी है, उसे भारत की अदालतें भी खारिज कर चुकी हैं।

### 2028 में लॉस एंजिलिस...

गया और अंक तालिका में शीर्ष पर रहा। चीन दूसरे नंबर पर रहा। पेरिस ओलंपिक में कुल 10,500 एथलीट्स चुनौती पेश करने उतरे थे। भारत के 117 खिलाड़ियों ने इस वैश्विक टूर्नामेंट में हिस्सा लिया और दमखम दिखाया। भारत मेडल्स टैली में 71वें स्थान पर रहा। समापान समारोह में दो कांस्य जीतने वानी निशानेबबाज मनु भाकर और महान हॉकी खिलाड़ी पीआर श्रीजेश ने भारतीय दल की अगुवाई की।

### सीएम साय रायपुर ....

बलरामपुर-रामानुजगंज में, टंकराम वर्मा सांरगढ़-बिलाईगढ़ जिला मुख्यालय में आयोजित मुख्य समारोह ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। सांसद बृजमोहन अग्रवाल गरियाबंद, सांसद विजय बघेल बालोद, संतोष पाण्डेय खैरागढ़-गंडई-छुईखदान, चिंतामणी महाराज जशपुर, रूपकुमारी चौधरी बेमेतरा, राधेश्याम राठिया रायगढ़, कमलेश जांगड़े सक्ती, महेश कश्यप दंतेवाड़ा , भोजराज नाग कांकेर, देवेन्द्र प्रताप सिंह नारायणपुर जिला मुख्यालय में आयोजित स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। विधायक पुन्नु लाल मोहले मुंगेली में, धरमलाल कौशिक गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, अमर अग्रवाल कबीरधाम , अजय चंद्राकर धमतरी, भैयालाल राजवाड़े सूरजपुर, विक्रम उसेंडी बीजापुर, राजेश मूणत मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, किरण देव सुकमा जिला मुख्यालय में आयोजित मुख्य समारोह में करेंगे। विधायक रेणुका सिंह कोरिया और लता उसेंडी कोण्डागांव जिला मुख्यालय में आयोजित समारोह में ध्वजारोहण करेंगी।


### मध्यान्ह भोजन से...

शारीरिक विकास और भी तेजी से हो सके, इसके लिए यह व्यवस्था की जा रही है। गौरतलब है कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मिड डे मील के साथ सरकारी या सहायता प्राप्त स्कूलों में बच्चों को नाश्ता मुफ्त मुहैया कराने के लिए भी प्रस्ताव रखा है। इसके तहत स्कूली बच्चों को स्कूल पहुंचते ही पोषक तत्वों से भरपूर नाश्ता दिया जाना है। गत माह उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने इस विषय में जिला प्रशासन को पत्र भी लिखा था। इसके पश्चात अब 12 अगस्त से कोरबा जिले में इसकी शुरुआत हो रही है।

# भारत के लिए हिंद महासागर क्षेत्र में प्रमुख साझेदार है मालदीव : जयशंकर

एजेंसी ▶▶ माले

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को कहा कि मालदीव हिंद महासागर क्षेत्र में भारत का एक प्रमुख साझेदार है तथा दोनों देश अपने सहयोग को आधुनिक साझेदारी में बदलने की आकांक्षा रखते हैं। जयशंकर ने अड्डू पुनर्ग्रहण और तट संरक्षण परियोजना का हस्तांतरण समारोह और एक्जिम बैंक की ऋण सहायता के तहत भारत सरकार की मदद से बनाई गई 4-लेन डेटोर लिंक सड़क परियोजना के उद्घाटन के अवसर पर यह बात कही। इस अवसर पर मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर भी मौजूद थे। जयशंकर ने कहा, 'मालदीव हमारे लिए हिंद महासागर क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण साझेदार है। यह 'पड़ोसी प्रथम' की हमारी नीति के केंद्र में है। और इसलिए यह बहुत ही स्वाभाविक है कि हमारे दोनों देशों के बीच सहयोग पारंपरिक भूमिका से आगे बढ़ गया है तथा आज वास्तव में एक आधुनिक साझेदारी बनने की आकांक्षा है।' विकास के क्षेत्र में हमारे सहयोग का उद्देश्य लोगों के जीवन के सभी पहलुओं को छूना और उनके जीवन में इसके ठोस लाभ लाने के तरीके खोजना है। जयशंकर ने कहा कि




पिछले कुछ वर्षों में भारत ने मालदीव में लगभग 22 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश किया है, जो इस बात का स्पष्ट संकेत है कि भारत मालदीव में क्षेत्रीय विकास को कितना महत्व देता है। विदेश मंत्री ने कहा, ''आज हम अन्य देशों के अलावा सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक हैं। हम भारत से मालदीव में अधिक निवेश प्रवाह भी देख रहे हैं, खासकर पर्यटन क्षेत्र में। भारत ने मालदीव सरकार के साथ अड्डू पुनर्ग्रहण और तट संरक्षण परियोजना में साझेदारी की है, ताकि इसे एक क्षेत्रीय केंद्र के रूप में विकसित करने का एक स्थायी तरीका ढूंढ़ा जा सके।

## यूक्रेन ने किया कई गांवों पर कब्जा

# 11 टैंकों के साथ रूस में घुसे 1 हजार यूक्रेनी सैनिक, 76 हजार लोगों ने घर छोड़े

एजेंसी ▶▶ कीव

रूस और यूक्रेन के बीच ढाई साल से जारी जंग के बीच अब यूक्रेन ने रूस में घुसकर हमले तेज कर दिए हैं। यूक्रेनी सेना रूस की सीमा के 10 किमी अंदर तक पहुंच गई है। टास न्यूज एजेंसी के मुताबिक, रूसी प्रांत कुर्स्क के गवर्नर एलेक्सी स्मर्नोव ने बताया कि हमलों को देखते हुए 76 हजार लोग घर छोड़ कर जा चुके हैं। स BBC के मुताबिक, यूक्रेन के 1 हजार से ज्यादा सैनिक, 20 बख्तरबंद गाड़ियां और 11 टैंक रूस में मौजूद हैं। उन्होंने कई गांवों पर कब्जा कर लिया है। उनका अगला टारगेट सुद्जा शहर बताया जा रहा है। रूस-यूक्रेन जंग की शुरुआत के बाद से यूक्रेन की तरफ यह अब तक का सबसे बड़ा पलटवार है।



### रूस के 15 सैन्य वाहनों को किया तबाह

सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में रूस के ओक्टाब्रास्को शहर में 15 सैन्य वाहनों का काफिला क्षतिग्रस्त नजर आ रहा है। यह शहर रूसी सीमा से करीब 38 किमी दूर है। BBC ने इस वीडियो की पुष्टि की है। हमलों को देखते हुए रूस ने कुर्स्क में कई टैंक और रॉकेट लॉन्चर भेजे हैं। वहीं रूस के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रविवार को पहली बार रूस पर हमले की बात कबूली है। जेलेंस्की ने कहा, "हमारी सेना जंग को रूस की जमीन पर लेकर जा रही है।

### रूसी एयरफील्ड को बनाया निशाना

रूस इस एयरफील्ड का इस्तेमाल सुखोई और मिग जैसे फाइटर एयरक्राफ्ट को ऑपरेट करने के लिए करता था। हमले के बाद रूस की तरफ से जारी किए गए बयान में कहा गया था कि उसने यूक्रेन के 75 से ज्यादा ड्रोने को मार गिराया है। इनमें 19 लिपेत्स्क प्रांत में थे। जिस इलाके में यूक्रेनी सैनिकों ने घुसपैठ की थी, वहां रूस की महत्वपूर्ण गैस पाइपलाइन मौजूद हैं। रूस इन पाइपलाइन के जरिए प्राकृतिक गैस को ट्रांसपोर्ट करता है।

### रूस के न्यूक्लियर पावर प्लांट पर हमले का खतरा

*यूक्रेनी हमले की वजह से कुर्स्क प्रांत के न्यूक्लियर पावर प्लांट पर खतरा मंडरा रहा है। दरअसल, यह प्लांट सुद्जा शहर से करीब 60 किमी दूर है। इस बीच इंटरनेशनल अटॉमिक एनर्जी एजेंसी (आईएईए) के चीफ राफेल ग्रॉसी ने चेतावनी जारी की है। उन्होंने दोनों देशों से सावधानी बरतने की अपील की है, जिससे परमाणु दुर्घटना को रोका जा सके। इससे पहले 8 अगस्त को यूक्रेनी सैनिकों के घुसने के बाद कुर्स्क-ओब्लास्त प्रांत में इमरजेंसी लगा दी गई थी। यूक्रेन ने रूस के लिपेत्स्क प्रांत में बॉर्डर से 300 किमी दूर एक एयरफील्ड को भी ड्रोन के जरिए निशाना बनाया था। ये मिलिट्री एयरफील्ड रूस के फाइटर जेट्स, हेलीकॉप्टर्स और 700 से ज्यादा शक्तिशाली ग्लाइड बम का बेस थी।*

## राशिफल


**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


**वृष** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में सुधार होगा, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी।


**मिथुन** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार का साथ मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन अशान्त रहेगा।


**कर्क** — परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाइयों के सहयोग से कारोबार को गति मिल सकती है।


**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें।वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं। आय की स्थिति में सुधार होगा। सेहत का ध्यान रखें। सन्तान सुख में वृद्धि होगी।


**कन्या** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार में शान्ति एवं सद्भाव बनाये रखने के लिए प्रयास करें। नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति होगी।


**तुला** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सम्पत्ति में वृद्धि होगी।


**वृश्चिक** — कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। मानसिक शान्ति बनाये रखें। माता का सानिध्य मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।



**धनु** — मित्रों के साथ धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य होंगे। भवन की साज-सज्जा पर खर्च अधिक रहेंगे।


**मकर** — आलस्य में वृद्धि हो सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, लेकनि परिणाम संदिग्ध हैं। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।


**कुंभ** — खर्च बढ़ेंगे। आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में इच्छा-विरुद्ध कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।


**मीन** — कारोबार में सुधार के लिए भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। रहन-सहन कष्टदायी होगा। तनाव से बचें।


## शब्द पहेली - 5600



**बाएँ से दाए**
1. अत्यावश्यक-6
5. कारागार, जेल-4
8. पानी, नीर-2
9. मीन, मत्स्य-3
10. लक्ष्मी, कमला-2
11. कलाकार, फनकार-4
12. मर्द, मादा का विलोम-2
14. हसरत, मुराद-4
15. कैद में, अवरुद्ध, रुका-2
17. भूमि, धरती-3
19. मतवासा, मदहोश-4
21. फिल्मी दुनिया-3,3
24. दुर्भाग्यशाली-5
27. ठोकर लगना, भिड़ना-4
29. दौंडी पीटना-3
31. सांप, सर्प-2
32. दाल-4
33. हूर, अप्सरा-2
35. गाड़ी चलाने वाला-4
36. पिता का छोटा भाई-2
38. पुत्र, बेटा-3
39. टौंटी, नलका-2
40. ललचाना, तड़फाना-4
41. टाऊन हाल, नागरिक भवन-2,4

**ऊपर से नीचे**
1. ईश्वर, अनश्वर-3,3
2. तेलहन-2
3. सुखद वस्तु, वर देना-4
4. करधनी, कमर पेटी-5
5. गलीचा-3
6. दिन-2
7. समस्या का हल-4
11. धरोहर, थाती-4
13. मिट्टी, धूल-2
16. चमकना-4
18. वायुसेना का एक विमान-3
19. इतराना-4
20. परत-2
22. जाप करना-3
23. किवाड़, द्वार-2
25. उदाहरणतः-4
26. परवरिश-3,3
28. राग छेड़ना-5
29. भेंट, मेल-मिलाप-4
30. दिया, दीपक-2
32. औषधालय, दवाखाना-4
34. खाली होना-3
37. छोटी सवारी गाड़ी-2
39. नया, नवीन-2

### शब्द पहेली - 5599 का हल




## सूडोकु नवताल - 5611

★★★★ कठिन



### सूडोकु नवताल - 5610 का हल



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## खबर संक्षेप

### एचसीएलटेक जीनिया का करेगी अधिग्रहण




**नई दिल्ली।** एचसीएलटेक की इकाई एचसीएलसॉफ्टवेयर ने अपने डेटा व एनालिटिक्स कारोबार में विविधता लाने के प्रयास के तहत 2.4 करोड़ यूरो के मूल्यांकन पर फ्रांस की सॉफ्टवेयर कंपनी जीनिया एसएएस में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने की योजना बनाई है। यह पूर्ण नकद सौदा सितंबर, 2024 में पूरा होने की उम्मीद है।

### ग्रासिम इंडस्ट्रीज का लाभ 12 प्रतिशत गिरा

**नई दिल्ली।** आदित्य बिड़ला समूह की प्रमुख होल्डिंग कंपनी ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही के लिए एकीकृत शुद्ध लाभ 12 प्रतिशत घटकर 2,267.74 करोड़ रुपये रह गया है। नए वृद्धि कारोबार में ऊंचे मूल्यह्रास और ब्याज शुल्क के कारण मुनाफा घटा है। तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 2,577.35 करोड़ रुपये रहा था।

### यूनिटेक को 1,206 करोड़ रुपए का शुद्ध घाटा




**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी यूनिटेक लिमिटेड को चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में 1,206 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा हुआ है। 2023-24 की पहली (जून) तिमाही में 702.97 करोड़ रुपये शुद्ध घाटा हुआ था। यूनिटेक लिमिटेड ने अप्रैल-जून तिमाही में उसकी कुल आय घटकर 84.04 करोड़ रुपये रह गई।

### जायडस लाइफसाइंसेज का मुनाफा 31% बढ़ा




**नई दिल्ली।** जायडस लाइफ साइंसेज का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 31 प्रतिशत बढ़कर 1,420 करोड़ रुपये हो गया। इसकी मुख्य वजह मजबूत बिक्री रही। कंपनी का पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में शुद्ध लाभ 1,087 करोड़ रुपये रहा था।

### आरोहन फाइनेंशियल के मुनाफे में चार गुना वृद्धि

**कोलकाता।** सूक्ष्म ऋणदाता आरोहन फाइनेंशियल सर्विसेज का चालू वित्त वर्ष वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में शुद्ध लाभ चार गुना होकर 104.08 करोड़ रुपये रहा। शुद्ध लाभ व्यवसाय और आय में वृद्धि से प्रेरित रहा। कंपनी का पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में मुनाफा 25.40 करोड़ रुपये रहा था।

### ओयो ने निवेशकों से 1,457 करोड़ रुपए जुटाए




**नई दिल्ली।** होटल कारोबार से जुड़े मंच ओयो की मूल कंपनी ओरेवल स्टेज लिमिटेड ने वित्तपोषण के हालिया चरण में निवेशकों से 1,457 करोड़ रुपये जुटाए हैं। यूनिकॉर्न कंपनी ओयो अपना आईपीओ लाने की तैयारी में है। एक अरब डॉलर से अधिक मूल्यांकन वाले स्टार्टअप को यूनिकॉर्न कहा जाता है। 'सीरीज जी' चरण में करीब 1,040 करोड़ रुपये जुटाए हैं। इससे पहले इसी श्रृंखला में 416.85 करोड़ रुपये जुटाए गए थे, जिसके बाद यह चरण पूरा हो गया है।

# हिंडनबर्ग के हमलों के पीछे चलता है नाथन एंडरसन का दिमाग, एक बार फिर हमला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हिंडनबर्ग रिसर्च ने आखिरकार शनिवार रात एक बार फिर से भारत पर ही हमला किया है। मगर, इस बार उनके निशाने पर कोई कारोबारी समूह नहीं बल्कि भारत की शेयर मार्केट रेगुलेटर सेबी की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच रहे हैं।

- अदाणी ग्रुप की कंपनियों के जरिए पैसों का हेरफेर कर रहे थे

हिंडनबर्ग का आरोप है कि अदाणी ग्रुप जिन कंपनियों के जरिए पैसे का हेरफेर कर रहा था उनमें धवल बुच हिस्सेदार हैं। हिंडनबर्ग रिसर्च के फाउंडर नाथन एंडरसन ने शनिवार सुबह ही एक ट्वीट के जरिए इस हमले का ऐलान कर दिया था।

## सेबी प्रमुख माधबी और उनके पति धवल बुच पर लगाया आरोप

### हिंडनबर्ग त्रासदी से लिया गया था कंपनी का नाम

इस कंपनी का नाम साल 1937 की हिंडनबर्ग त्रासदी के नाम पर रखा गया था। नाथन एंडरसन का मानना था कि उनका मिशन निवेशकों को वित्तीय त्रासदी से बचाने का है ताकि छोटे निवेशकों को कंपनियों के गलत तरीकों से नुकसान न पहुंचे। भारत में अदाणी ग्रुप के अलावा सेबी की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच को निशाना बनाने के अलावा नाथन एंडरसन ने ईवी स्टार्टअप निकोला कॉर्पोरेशन पर भी सितंबर, 2020 में हमला किया था। इसके बाद निकोला कॉर्पोरेशन के शेयर तेजी से नीचे गए थे और उसे कई जांच का सामना करना पड़ा था।



हिंडनबर्ग रिसर्च के फाउंडर नाथन एंडरसन।


माधबी पुरी बुच के पति धवल बुच।


सेबी की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच।

### कई कंपनियों ने नाथन के खिलाफ लिया लीगल एक्शन

नाथन एंडरसन के काम की प्रशंसा और निंदा होती रहती है। निवेशक उनकी तारीफ के पुल बांधते रहते हैं तो कई कॉरपोरेट का आरोप है कि वह शॉर्ट सेलिंग के रास्ते से कमाई करते हैं। उन पर मार्केट में हेरफेर के आरोप भी लगे हैं। कई कंपनियों ने नाथन एंडरसन और हिंडनबर्ग के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की है। हालांकि, इन आरोपों के बावजूद हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट ने कई तरह की जांच शुरू करवाने में मदद की है।

हिंडनबर्ग की रिपोर्टों को तैयार करने में उन्हीं के तेजतर्रार दिमाग का हाथ होता है।

### कॉरपोरेट के भ्रष्टाचार खुलासे में महारत

हिंडनबर्ग रिसर्च का दावा है कि वह न्यूयॉर्क स्थित एक फॉरेंसिक फाइनेंशियल रिसर्च फर्म है। कंपनी दावा करती है कि उसे कॉरपोरेट फ्रॉड और कारोबार के गलत तौर-तरीके इस्तेमाल करने वाले कंपनियों के खुलासे करने में महारत हासिल है। नाथन एंडरसन ने कंपनी की स्थापना साल 2017 में की थी। यह पब्लिक ट्रेडेड कंपनियों के स्टॉक के बारे में डिटेल रिपोर्ट देकर चर्चाओं में आई थी। हिंडनबर्ग कंपनियों में अकाउंटिंग गड़बड़ियों, मैनेजमेंट में मौजूद खराब लोगों, अवैध ट्रांजेक्शन और कारोबार के बारे में खुलासे करती रहती है।

## पहल का उद्देश्य कृषि उत्पादकता और किसानों की आय बढ़ाना

# प्रधानमंत्री ने कृषि उपज बढ़ाने जलवायु अनुकूल बीजों की 109 किस्में जारी कीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कृषि और बागवानी फसलों की उच्च उपज वाली, जलवायु अनुकूल और जैव-सुदृढ़ीकृत बीजों की 109 किस्मों को जारी किया। इस पहल का उद्देश्य कृषि उत्पादकता और किसानों की आय को बढ़ाना है। इन किस्मों को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) ने विकसित किया है और ये कुल 61 फसलों से संबंधित हैं। इनमें 34 खेतों में लगाई जाने वाली और 27 बागवानी की फसलें हैं। मोदी ने दिल्ली के पूसा परिसर में तीन प्रायोगिक कृषि भूखंडों पर बीजों को पेश किया।

### कृषि में मूल्य संवर्धन के महत्व पर जोर

इस मौके पर प्रधानमंत्री ने किसानों और वैज्ञानिकों के साथ बातचीत भी की। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मोदी ने किसानों के साथ इन नई किस्मों के महत्व पर चर्चा करते हुए कृषि में मूल्य संवर्धन के महत्व पर जोर दिया। इस अवसर पर मौजूद किसानों ने कहा कि 61 फसलों से संबंधित ये नई किस्में कम लागत के कारण उनके लिए अत्यधिक लाभकारी होंगी।

### कई नई किस्मे शामिल

खेती की फसलों में अनाज, बाजरा, चारा, तिलहन, दलहन, गन्ना, कपास और फाइबर फसलें शामिल हैं। वहीं बागवानी की फसलों में फलों, सब्जियों, मसालों, फूलों और औषधीय पौधों की नई किस्में शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी वर्ष 2014 से ही किसानों की आय बढ़ाने के लिए टिकाऊ खेती के तरीकों और जलवायु अनुकूल तरीकों की वकालत करते रहे हैं।



### किसानों के लिए ऐतिहासिक दिन बताया

प्रधानमंत्री ने इन नई फसल किस्मों के विकास के लिए वैज्ञानिकों की भी सराहना की। केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बाद में संवाददाताओं से कहा कि आज का दिन किसानों के लिए ऐतिहासिक है, क्योंकि 61 फसलों की बीजों की 109 किस्में जारी की गई हैं। इससे किसानों की आय बढ़ाने, उत्पादन बढ़ाने और लागत कम करने में मदद मिलेगी।

- इन किस्मों को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने विकसित किया
- विकसित किए गए बीज कुल 61 फसलों से संबंधित है
- इनमें 34 खेतों में उगाई जाने वाली व 27 बागवानी की फसलें

### लोग अब पौष्टिक भोजन का रुख कर रहे

प्रधानमंत्री ने बाजरे के महत्व पर चर्चा की और इस बात पर जोर दिया कि लोग किस तरह पौष्टिक भोजन का रुख कर रहे हैं। उन्होंने प्राकृतिक खेती के लाभों और जैविक खेती के प्रति आम लोगों की बढ़ती रुचि के बारे में भी बात की। मोदी ने कहा कि लोगों ने जैविक खाद्य पदार्थों का उपभोग और मांग करना शुरू कर दिया है।

### जलवायु के अनुकूल है

चौहान ने कहा कि इन फसलों के बीज जलवायु के अनुकूल हैं और प्रतिकूल मौसम में भी अच्छी फसल दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि ये किस्में पोषण से भरपूर हैं। वैज्ञानिकों ने बताया कि वे अप्रचलित फसलों को मुख्यधारा में लाने के लिए प्रधानमंत्री के सुझाव के अनुरूप काम कर रहे हैं।

# एलआईसी शेयर बाजार में करेगी 1.30 लाख करोड़ रुपए का निवेश

- कंपनी ने अप्रैल-जून के दौरान 38 हजार करोड़ का निवेश किया
- एलआईसी ने इक्विटी बाजार में निवेश से 15,500 करोड़ का लाभ कमाया




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी सिद्धार्थ मोहंती ने कहा है कि बीमा कंपनी चालू वित्त वर्ष के दौरान शेयरों में करीब 1.30 लाख करोड़ रुपये का नया निवेश करने पर विचार कर रही है।

एलआईसी ने वित्त वर्ष 2024-25 में अप्रैल-जून के दौरान शेयरों में करीब 38,000 करोड़ रुपये का निवेश किया है। एक साल पहले इसी अवधि में यह राशि 23,300 करोड़ रुपये थी। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में एलआईसी ने इक्विटी बाजारों में अपने निवेश से 15,500 करोड़ रुपये का लाभ कमाया। उसका निवेश से लाभ तिमाही आधार पर 13.5 प्रतिशत अधिक रहा। मोहंती ने कहा, ''हम निश्चित रूप से बाजारों और कीमतों में उतार-चढ़ाव को देख रहे हैं... हम एक अच्छी राशि का निवेश करने पर विचार कर रहे हैं, कम से कम हमने पिछले वित्त वर्ष में जितना निवेश किया था। एलआईसी ने वित्त वर्ष 2023-24 में करीब 1.32 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया था।

### 282 कंपनियों के शेयरों में निवेश

मोहंती ने कहा कि जून के अंत तक विभिन्न कंपनियों के शेयरों में एलआईसी के निवेश का बाजार मूल्य करीब 15 लाख करोड़ रुपये था। इस समय तक एलआईसी ने 282 कंपनियों के शेयरों में निवेश किया था।

### देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी

देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी का कुल निवेश मार्च 2024 तक 7,30,662 करोड़ रुपये बढ़कर 49,75,514 करोड़ रुपये हो गया। यह मार्च 2023 में 42,44,852 करोड़ रुपये था।

# एआई आने से कारोबारों का साइबर जोखिम बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नेगोम्बो (श्रीलंका)



- वैश्विक साइबर सुरक्षा कंपनी कैस्परस्काई ने जारी की रिपोर्ट
- बचाव के लिए साइबर सुरक्षा पर निवेश करना जरूरी

कृत्रिम मेधा (एआई) को तेजी से अपनाने से वृद्धि को बढ़ावा मिला है, लेकिन इसके साथ साइबर अपराधियों के लिए भी परिष्कृत हमलों में एआई का दुरुपयोग करने के रास्ते खुल गए हैं।

वैश्विक साइबर सुरक्षा और डिजिटल प्राइवेसी कंपनी कैस्परस्काई ने इन जोखिमों का जिक्र करते हुए कहा है कि उसने नए युग की चुनौतियों का सामना करने के लिए व्यवसायों के सक्रिय साइबर सुरक्षा में निवेश करने की जरूरत पर प्रकाश डाला है।

कैस्परस्काई ने कहा कि वह अपने उत्पादों में एआई का समावेश कर रही है तथा खतरों का मुकाबला करने तथा प्रौद्योगिकियों को साइबर हमलों के नए और उभरते रूपों के प्रति अधिक प्रतिरोधी बनाकर उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा के लिए एआई मॉडलों का उपयोग कर रही है। साइबर सुरक्षा कंपनी ने चेतावनी देते हुए कहा कि साइबर अपराधी दुर्भावनापूर्ण सॉफ्टवेयर लाने और कई उपयोगकर्ताओं के विरुद्ध स्वचालित हमले करने के लिए नए तरीकों से एआई का उपयोग कर रहे हैं। इनमें चैटजीपीटी के उपयोग से लेकर उपयोगकर्ताओं के स्मार्टफोन इनपुट की निगरानी के लिए एआई प्रोग्राम का दुरुपयोग करना (संभावित रूप से संदेश, पासवर्ड और बैंक कोड कैप्चर करना) तक शामिल है।

### हर दिन बढ़ते जा रहे हमले

कंपनी ने 2024 में हर दिन औसतन 4,11,000 से अधिक दुर्भावनापूर्ण नमूनों का पता लगाया है, जबकि एक साल पहले यह संख्या 4,03,000 थी। कैस्परस्काई में वैश्विक शोध एवं विश्लेषण टीम के साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ विटाली कामलुक ने कहा, /"जितने साइबर हमले हो रहे हैं, वे केवल मानव संसाधनों से संभव नहीं हैं।

# आपूर्ति बढ़ने से इस्पात की कीमतें तीन साल के निचले स्तर पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आयात बढ़ने के कारण घरेलू इस्पात की कीमतें तीन साल के निचले स्तर पर आ गई हैं। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। बाजार शोध कंपनी बिगमिंट ने एक रिपोर्ट में कहा कि हॉट रोल्ड कॉइल्स (एचआरसी) की कीमत गिरकर अब 51,000 रुपये प्रति टन पर आ गई हैं जो अप्रैल, 2022 में 76,000 रुपये प्रति टन थीं।

रिपोर्ट के मुताबिक, कोल्ड रोल्ड कॉइल्स (सीआरसी) की कीमत अप्रैल, 2022 में 86,300 रुपये प्रति टन से गिरकर 58,200 रुपये प्रति टन हो गई है। इन कीमतों में वस्तु पर लगने वाला 18 प्रतिशत जीएसटी शामिल नहीं है। बिगमिंट ने कहा, "भारत में एचआरसी और सीआरसी की दरें तीन साल के निचले स्तर पर कारोबार कर रही हैं। आयात में उछाल से घरेलू कीमतों पर असर पड़ा है, जिससे मांग प्रभावित हुई है।"

आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल-जून तिमाही में आयात 68 प्रतिशत बढ़कर 19.3 लाख टन हो गया, जो 2023-24 की समान अवधि में 11.5 लाख टन था।



- बिगमिंट ने जारी की एक रिपोर्ट
- एचआरसी की कीमत गिरकर 51 हजार रुपए टन

### आयात बढ़कर 38 प्रतिशत

इस्पात आयात 2023-24 में 38 प्रतिशत बढ़कर 83.19 लाख टन हो गया है, जो भारत को इसका शुद्ध आयातक बनाता है।

# सभी तेल-तिलहनों में सुधार



**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह विदेशों में कच्चा पामतेल (सीपीओ) और सोयाबीन तेल के दाम बढ़ने से देश के तेल-तिलहन बाजारों में सभी तेल तिलहन कीमतों में सुधार दर्ज हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में विदेशों में पाम तेल का भाव पिछले सप्ताह के 985-990 डॉलर प्रति टन से बढ़कर 990-995 डॉलर प्रति टन हो गया जबकि सोयाबीन तेल का दाम अपने पिछले सप्ताह के 995-1,000 डॉलर प्रति टन से बढ़कर 1,015-1,020 डॉलर प्रति टन हो गया। देश में खाद्यतेलों का अत्यधिक आयात होने से बंदरगाहों पर आयातक अपनी लागत से दो-तीन प्रतिशत कम दाम पर सभी आयातित तेलों को बेच रहे हैं।

# लेम्बोर्गिनी भारत में बड़ा दांव लगाने तैयार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इटली की सुपर लग्जरी वाहन विनिर्माता ऑटोमोबाइल लेम्बोर्गिनी को भारत में तेजी से वृद्धि की उम्मीद है। कंपनी ने कहा कि भारत में एशिया प्रशांत क्षेत्र में शीर्ष बाजार बनने की क्षमता है।

ऑटोमोबाइल लैम्बोर्गिनी के एशिया प्रशांत क्षेत्र के निदेशक फ्रांसिस्को स्कार्डाओनी ने कहा कि कंपनी ने 2023 में रिकॉर्ड 103 गाड़ियां बेची थीं और उनकी इच्छा 2026 में सालाना बिक्री का आंकड़ा 150 पार करने की है। स्कार्डाओनी ने पीटीआई-भाषा से कहा, "मात्रा के मामले में भारत दुनिया में 14वें नंबर पर है और एशिया प्रशांत क्षेत्र में छठे नंबर पर है। प्रतिशत के मामले में यह सबसे तेजी से बढ़ता बाजार है।" उन्होंने कहा कि साल 2023 में लैम्बोर्गिनी ने वाहन बिक्री में दुनियाभर में 10,000 का आंकड़ा पार किया था और भारत में 100 से ज्यादा गाड़ियां बेची थीं। साल 2024 की पहली छमाही में कंपनी की वाहन बिक्री में दुनियाभर में और भारत में वृद्धि हुई है। पिछले साल लैम्बोर्गिनी की सबसे ज्यादा 845 गाड़ियां चीन में बेची गईं।



- कंपनी ने 2023 में रिकॉर्ड 103 गाड़ियां बेची
- कंपना का लक्ष्य 2026 तक सालाना 150 पार बेचना का है

## एनएचपीसी का लाभ बढ़कर 1,108 करोड़




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की पनबिजली कंपनी एनएचपीसी लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में लगभग एक प्रतिशत बढ़कर 1,108.46 करोड़ रुपये रहा है। बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 1,095.38 करोड़ रुपये रहा था। एनएचपीसी लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी कुल आमदनी जून तिमाही में बढ़कर 3,037.92 करोड़ रुपये रही है, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 3,010.22 करोड़ रुपये थी। एनएचपीसी लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी एक अन्य सूचना में कहा कि बिजली मंत्रालय ने कंपनी के निदेशक (तकनीकी) राज कुमार चौधरी को चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) नियुक्त किया है। यह नियुक्ति सात अगस्त से उनकी सेवानिवृत्ति या 30 जून, 2025 (जो भी पहले हो) तक प्रभावी रहेगी।

# सेबी के प्रस्तावित एफएंडओ मानदंड से नुकसान ही

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रतिभूति बाजार में वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) कारोबार को विनियमित करने के लिए नियामक सेबी के प्रस्तावित उपायों से शेयर बाजारों और ब्रोकरों को नुकसान उठाना पड़ सकता है। एक रिपोर्ट में यह आशंका जताई गई है।

हालांकि भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने ये उपाय खुदरा कारोबारियों को नुकसान से बचाने के लिए किए हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, सेबी के इन उपायों से एफएंडओ कारोबार की मात्रा में 30-40 प्रतिशत की गिरावट आएगी।

### खुदरा निवेशकों की संख्या में आ सकती है कमी

अगर इन उपायों को लागू किया गया तो खुदरा निवेशकों की संख्या में कमी आ सकती है। इसके अलावा छूट देने वाले ब्रोकर, जो खुदरा निवेशकों पर बहुत अधिक निर्भर हैं, वे पारंपरिक ब्रोकरों की तुलना में अधिक प्रभावित हो सकते हैं। विकल्प वित्तीय अनुबंध होते हैं, जो धारक को अनुबंध अवधि के भीतर किसी परिसंपत्ति को तय मूल्य पर खरीदने या बेचने का अधिकार देते हैं।




*स्प्रेड लाभ हटाने का प्रस्ताव शामिल*

*सेबी के इन सात प्रस्तावों में साप्ताहिक विकल्प अनुबंधों को युक्तिसंगत बनाना, परिसंपत्तियों की स्ट्राइक कीमतों को युक्तिसंगत बनाना और अनुबंध समाप्ति के दिन कैलेंडर स्प्रेड लाभों को हटाना शामिल है।*

- एक रिपोर्ट में यह आशंका जताई गई
- एक्सचेंज और ब्रोकरों को होगा नुकसान

### एनएसई की आय में आ सकती है कमी

रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025-26 तक एनएसई की आय में 25-30 प्रतिशत की कमी आ सकती है, जबकि बीएसई की आय में 15-18 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। जेफरीज का यह भी मानना है कि बैंकेक्स साप्ताहिक अनुबंध को हटाने से वित्त वर्ष 2025-27 के दौरान बीएसई की प्रति शेयर आय (ईपीएस) पर 7-9 प्रतिशत का असर पड़ सकता है।

### प्रीमियम पर 35 फीसदी प्रभाव पड़ेगा

जेफरीज की एक रिपोर्ट के मुताबिक, साप्ताहिक विकल्प अनुबंधों की संख्या को 18 से घटाकर छह करने के सेबी के प्रस्तावित उपायों से उद्योग के प्रीमियम पर लगभग 35 प्रतिशत प्रभाव पड़ सकता है। रिपोर्ट में कहा गया कि अगर कारोबार बाकी अनुबंधों पर स्थानांतरित होता है तो समग्र प्रभाव 20-25 प्रतिशत तक कम हो सकता है।

***वॉकहार्ट को जून तिमाही में 16 करोड़ का शुद्ध घाटा : नई दिल्ली।*** *दवा कंपनी वॉकहार्ट को चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 16 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा हुआ है। बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी को 136 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। मुंबई की दवा कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि जून तिमाही में उसकी कुल आमदनी 769 करोड़ रुपये रही है, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 658 करोड़ रुपये थी।*

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
(तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)
सीआईएन: L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय: केआरएम टावर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई - 600031
दूरभाष: +91 44 4564 4000 | फैक्स: +91 44 4564 4022

IDFC FIRST Bank

**आम सूचना**
**स्वर्ण नीलामी सह आमंत्रण सूचना**

नीचे उल्लिखित उधारकर्ता को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड से खरीदे गए सोने के आभूषण के बदले में क्रेडिट सुविधा के लिए बकाया राशि का भुगतान करने के लिए नोटिस जारी किया गया है। चूंकि उधारकर्ता सुविधा के तहत बकाया चुकाने में विफल रहा है। हम **20/08/2024** को बंधक रखे गए सोने के आभूषणों की नीलामी करने के लिए बाध्य हैं। यदि इस नीलामी से कोई अधिशेष राशि प्राप्त होती है, तो उसे संबंधित उधारकर्ता को वापस कर दिया जाएगा और यदि नीलामी के बाद कोई कमी होती है, तो शेष राशि उचित कानूनी कार्यवाही के माध्यम से उधारकर्ता से वसूल की जाएगी। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के पास निम्नलिखित खाते को बिना पूर्व सूचना के नीलामी से हटाने का अधिकार है। इसके अलावा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी तिथि बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

| ऋण खाता संख्या | ग्राहक का नाम | शाखा का नाम |
|---|---|---|
| 135625051 | अशोक गौड़ | रायपुर शाखा |

**नीलामी 20/08/2024 को दोपहर 12 बजे से 3.00 बजे तक https://egold.auctiontiger.net के माध्यम से ऑनलाइन आयोजित की जाएगी।** इस प्रकाशन के माध्यम से संबंधित उधारकर्ता को सभी ब्याज और शुल्कों के साथ वापस ली गई सुविधा की राशि का भुगतान करने के लिए अंतिम नोटिस और अंतिम अवसर दिया जाता है। निर्धारित नीलामी तिथि से पहले ऐसा न करने पर आभूषणों की नीलामी कर दी जाएगी। कृपया ध्यान दें कि, यदि समय सीमा के कारण नीलामी उसी दिन पूरी नहीं होती है, तो बैंक अगले 7 दिनों के भीतर समान नियमों और शर्तों पर गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों की फिर से नीलामी करेगा। यदि ग्राहक की मृत्यु हो गई है तो नीलामी से संबंधित सभी शर्तें उसके कानूनी उत्तराधिकारियों पर लागू होंगी।


**दिनांक: 12/08/2024 स्थान: रायपुर शाखा**



# जूनियर एनटीआर ने पहली बार मिलाया प्रशांत नील से हाथ...

**मुंबई।** 'देवरा' की रिलीज से पहले एनटीआर की नई फिल्म का ऐलान हो गया है। इस फिल्म के लिए जूनियर एनटीआर ने निर्देशक प्रशांत नील के साथ हाथ मिलाया है। यह दोनों के बीच पहला सहयोग है। एनटीआर और प्रशांत की फिल्म की शूटिंग शुरू हो गई है। सेट से अभिनेता की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं, जिसमें वह निर्देशक और अन्य क्रू सदस्यों के साथ नजर आ रहे हैं। फिल्म की रिलीज तारीख से भी पर्दा उठ गया है। यह फिल्म 9 जनवरी, 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। यह एक पैन-इंडिया फिल्म है, जिसे हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषा में रिलीज किया जाएगा। बता दें कि एनटीआर इस फिल्म के सह-निर्माता हैं।

लाइफ Style



# जेनेलिया

## राष्ट्रीय स्तर पर खेल चुकी हैं फुटबॉल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेता रितेश देशमुख की पत्नी और अभिनेत्री जेनेलिया डिसूजा आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। जेनेलिया ने साल 2003 में आई फिल्म 'तुझे मेरी कसम' से अभिनय की दुनिया में कदम रखा था। हिंदी के अलावा उन्होंने तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और मराठी फिल्मों में भी काम किया है, लेकिन क्या आप जानते हैं जेनेलिया राष्ट्रीय स्तर पर फुटबॉल खेल चुकी हैं? मॉडलिंग और फिल्मों के अलावा जेनेलिया राज्य स्तर पर एथलीट रह चुकी हैं। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर फुटबॉल भी खेला है। उनके पसंदीदा फुटबॉलर लियोनल मेसी हैं। जेनेलिया की आने वाली फिल्मों की बात करें तो वह फिल्म 'सितारे जमीन पर' के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करती हुई नजर आएंगी। 'सितारे जमीन पर' 27 दिसंबर, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। इस फिल्म में आमिर खान मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे। फिल्म के निर्देशन की कमान आरएस प्रसन्ना ने संभाली है। आमिर इस फिल्म का निर्माण अपनी पूर्व पत्नी किरण राव के साथ मिलकर कर रहे हैं। 'मस्ती', 'मेरे बाप पहले आप', 'रेडी', 'जाने तू या जाने ना', 'ट्रायल पीरियड', 'वेद' और 'मिस्टर मम्मी' उनकी बहुचर्चित फिल्मों में से एक है।

सितारे जमीन पर' 27 दिसंबर, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। इस फिल्म में आमिर खान मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे। फिल्म के निर्देशन की कमान आरएस प्रसन्ना ने संभाली है। आमिर इस फिल्म का निर्माण अपनी पूर्व पत्नी किरण राव के साथ मिलकर कर रहे हैं।

## टीवी मसाला

# बिग बॉस 18 की प्रीमियर डेट आई सामने..!


**मुंबई।** अनिल कपूर द्वारा होस्ट किए गया शो बिग बॉस ओटीटी 3 खत्म हो गया है। बता दें इस प्यार को क्या नाम दूँ अभिनेत्री सना मकबूल ने इस सीजन की ट्रॉफी को अपने नाम किया है। इस बीच बिग बॉस ओटीटी 3 के खत्म होने के बाद फैंस को अब बिग बॉस 18 का बेसब्री से इंतजार है। बता दें बिग बॉस ओटीटी 3 दर्शकों को ज्यादा पसंद नहीं आया। इसलिए इस सीजन को आगे हफ्ते तक भी नहीं बढ़ाया गया। अब सभी सलमान खान की होस्टिंग में बिग बॉस 18 के प्रीमियर डेट का इंतजार कर रहे दर्शकों के लिए बिग बॉस 18 से जुड़ी खबर लेकर आए हैं। खबर आ रही है कि सलमान खान की होस्टिंग में बिग बॉस 18, अक्टूबर 5 से जियो सिनेमा पर प्रीमियर होगा। सभी मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मेकर्स शो में भाग लेने वाले कन्टेस्टन्ट की खोज में लगे हुए हैं। यह शो कलर्स टीवी पर आएगा साथ ही ओटीटी पर जियो सिनेमा पर देखा जाएगा। शो हमेशा की तरह सोमवार से लेकर शुक्रवार 10 बजे और वीकेंड का वार का एपिसोड शनिवार-रविवार 9 बजे से देखा जाएगा।



## जैस्मिन को दुल्हन बनाने के लिए तैयार हैं अली

**मुंबई।** टीवी के चर्चित कपल जैस्मिन भसीन और अली गोनी की जोड़ी को खूब पसंद किया जाता है। दोनों की शादी का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। वहीं हाल ही में खबर आ रही है कि वे जल्द ही शादी के पवित्र बंधन में बंध जाएंगे। मुनीषा खटवानी ने जैस्मिन भसीन और अली गोनी के रिश्ते को लेकर भविष्यवाणी की है, जिसमें उन्होंने बताया कि दोनों आने वाले कुछ महीनों में ही अपने रिश्ते को नया नाम देंगे। मुनीषा खटवानी ने जैस्मिन भसीन और अली गोनी के बारे में बात करते हुए कहा, उनका रिश्ता बहुत ही स्थिर है। एक साल के अंदर-अंदर दोनों शादी करने की प्लानिंग करेंगे। बता दें कि मुनीषा खटवानी ने करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश की शादी पर भी भविष्यवाणी की थी। मुनीषा खटवानी का कहना था कि दोनों आने वाले छह महीने या अगले साल तक शादी के बंधन में बंध सकते हैं।





## 'सीटीआरएल' अक्टूबर में देगी दस्तक...

**मुंबई।** अनन्या पांडे को आखिरी बार सिद्धांत चतुर्वेदी और आदर्श गौरव के साथ फिल्म 'खो गए हम कहां' में देखा गया था। यह फिल्म पिछले साल 26 दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। अब अनन्या ने अपनी नई फिल्म का ऐलान कर दिया है। विक्रमादित्य मोटवानी के निर्देशन में बनी रही इस थ्रिलर फिल्म का नाम 'सीटीआरएल' है। अनन्या के साथ इस फिल्म में विहान सामत भी मुख्य भूमिका में होंगे। अनन्या की फिल्म 'सीटीआरएल' सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि ओटीटी पर रिलीज होगी। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी।



## 'शैतान' के सीक्वल पर काम शुरू...

**मुंबई।** अजय देवगन और आर माधवन की फिल्म 'शैतान' इस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक है। यह फिल्म 8 माई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसने 60 करोड़ रुपये की लागत में बनी इस फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 211.06 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। अब दर्शक 'शैतान' के सीक्वल का इंतजार कर रहे हैं। अजय एक बार फिर कबीर बन दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं। तैयार है 'शैतान 2' की स्क्रिप्ट बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'शैतान' के सीक्वल पर काम शुरू हो गया है।

## राजकुमार व मानुषी एक साथ आएंगे नजर



**मुंबई।** राजकुमार राव को आखिरी बार फिल्म 'श्रीकांत' में देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब प्रशंसा हुई, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। इन दिनों राजकुमार फिल्म 'स्त्री 2' के प्रचार में व्यस्त हैं। यह फिल्म 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अब राजकुमार की एक और फिल्म से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी सामने आ रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, राजकुमार ने अपनी फिल्म के लिए भूमि पेडनेकर की 'भक्षक' के निर्माता पुलकित के साथ हाथ मिलाया है। वह इस आगामी फिल्म का निर्देशन करने वाले हैं। इस फिल्म का निर्माण कार्तिक आर्यन की 'फ्रेडी' के निर्माता जय शेवक्रमणी करेंगे।

## ओटीटी पर रिलीज को तैयार कार्तिक की 'चंदू चैंपियन'




**मुंबई।** कार्तिक आर्यन स्टारर फिल्म चंदू चैंपियन 14 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह फिल्म भारत के पहले पैरालंपिक गोल्ड मेडलिस्ट विनर मुरलीकांत पेटकर के जीवन पर आधारित है। फिल्म साजिद नाडियाडवाला द्वारा निर्मित है। हालांकि मूवी बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं कर पाई थी। वहीं, सिनेमाघरों के बाद अब यह ओटीटी पर रिलीज को तैयार है। ओटीटी प्लेटफॉर्म के द्वारा सोशल मीडिया पर फिल्म की रिलीज को लेकर घोषणा की गई है। कबीर खान ने शेयर किया पोस्ट वहीं, ओटीटी पर फिल्म की रिलीज को लेकर निर्देशक कबीर खान ने कहा, '' कॉन्सेप्ट से फाइल एडिट्स तक, यह फिल्म प्यार का परिश्रम रही है।

epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी —सुविधा हमारी—
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment
## आवश्यकता

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु लड़कियों महिलाओं की आवश्यकता है सैलरी 5000 + कमीशन + बोनस ट्रेनिंग के बाद कमाए 15,000 से ज्यादा **गोल चौक DDU नगर रायपुर संपर्क करें-** +91 7417779219. (RO-6454)

### ट्रांसपोर्ट कार्य

**आवश्यकता है-** ट्रांसपोर्ट व्यवसाय में कार्य किये हुए स्मार्ट लड़के की आवश्यकता है। 2-3 साल अनुभवी को प्राथमिकता। **संपर्क:- क्लासिक स्पार्कलर्स** BSNL**आफिस के सामने जय गोपाल सोसायटी फाफाडीह चौक रायपुर** 9329425583. (RO-230)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### मैनेजर/सेल्समैन

**आवश्यकता है-** पंडरी स्थित मेंस क्लॉथिंग शोरूम में काम करने हेतु मेल स्टोर मैनेजर, सेल्समेन एंव हेल्पर्स की आवश्यकता है। **संपर्क करें:-** 9039709007. (RO-7359)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** पुणे/मुम्बई लाईन में कैन्टर (12 टन) चलाने हेतु कुशल डायवरों की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन, भत्ता एवं अन्य सुविधायें परिवार वालो को ही प्राथमिकता। **संपर्क:- क्लासिक स्पार्कलर्स,** BSNL **आफिस के सामने जय गोपाल सोसायटी फाफाडीह चौक रायपुर** 9329425583. (RO-231)

**नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।**

**आवश्यकता है-** विज्ञापन की गाड़ी (टाटा एस) ई- रिक्शा चलाने हेतु ड्राइवरों की एवं मेहनती लड़कों की **संपर्क मां एड एजेंसी रायपुरा चौक। मोबाइल** 7974351591. (RO-3721)

### फोटोशॉप वर्क

**आवश्यकता है-** फ्लैक्स दुकान में कार्य करने हेतु कोरल-ड्रा एवं फोटोशॉप के जानकार/ अनुभवीं ही **संपर्क करें- सत्या फ्लैक्स, बुद्धविहार के सामने, जी.ई. रोड, चरौदा, भिलाई,** 9098701502, 9329665817. (RO-7455)

### टेलीकॉलर

**आवश्यकता है-** प्रतिष्ठित कलेक्शन एजेंसी को आवश्यकता है : टेलीकॉलर- 10 पद। ग्रेजुएट ,कम्प्यूटर की जानकारी अनिवार्य. वेतन 12000 + , अनुभवी को प्राथमिकता। **संपर्क : आरडीए कॉम्प्लेक्स शॉप नंबर 15 फर्स्ट फ्लोर न्यू राजेंद्रनगर, रायपुर. :** 7611107557, 7611107533. (RO-540)

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** "होटल" जेलरोड, तेलीबांधा हेतु सुपरवाइजर 8, सुरक्षा गार्ड 45, लेडी गार्ड 8, ड्राइवर 8, कंप्यूटर ऑपरेटर 10, योग्यता 10वीं, स्नातकोत्तर (आवास एक टाइम भोजन फ्री गार्ड हेतु) वेतन 11000/- से 15000/- **संपर्क:-** ALERT SGS PRIVATE LIMITED **434 चतुर्थतल प्रोग्रेसिव पॉइंट लालपुर रायपुर मोबाइल नंबर:-** 7746000016, 7747000019. (RO-2915)

### प्रचार-प्रसार

**आवश्यकता है-** दुर्ग भिलाई- आयुर्वेदिक कंपनी का प्रचार प्रसार ऐवम Telly Calling के लिए 5 युवक-युवतियों की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। वेतन योग्यतानुसार- 62682-79954. (आरो नं -844)

### हाऊसकीपिंग

**आवश्यकता है-** सिविल लाइन रायपुर बंगले मे रसोइया महाराज,रसोइया सहायक एवं हाऊसकीपिग (पुरुष/महिला) की। बंगले में कार्य किए हुए व्यक्ति को प्राथमिकता दी जाएगी। रहने की सुविधा। **संपर्क करें:-** 9109117063, 6232936927. (RO-261)

### पेट्रोल पम्प कर्मी

**आवश्यकता है-** मैसर्स- शारदा प्रसाद साव पेट्रोल पंप अवंती बाई चौक कोहका रोड भिलाई में पेट्रोल डीजल डालने हेतु लड़कों (DSM) की आवश्यकता है। Mob- 7692888808, 9926123539, 8319153895.(आरो न.-552)

### केयर/टेकर

**आवश्यकता है-** चंदखुरी रायपुर स्थित कुत्तों के अस्पताल में स्वीपर/ केयर टेकर/ कुत्तों की देखभाल, खाना खिलाने का काम है. वेतन 9000 रूपये, खाने रहने की सुविधा. नशेड़ी **संपर्क न करें.- मो.** 9981116210. (RO-7500)

### सेल्समैन/सेल्सगर्ल

**आवश्यकता है-** रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के-लड़कियां एवं सेल्समैन-सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार **संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल नंबर:-** 9329103178. (RO-2922)

### टेलीकॉलर

**आवश्यकता है-** दुर्ग एवं भिलाई ऑफिस में टेलीकॉलिंग कार्य करने हेतु युवतियों एवं महिलाओं की आवश्यकता है। योग्यता 5वीं से स्नातक । वेतन- 4000 + कमीशन । **संपर्क - मो. -** 9131259311, 9685734144.(आरो न.-554)

हरिभूमि

### कम्प्युटर ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** रायपुर भनपुरी स्थित सी.एंड एफ. ऑफिस / गोडाऊन हेतु SAP कंप्यूटर ऑपरेटर की अनुभवी ही संपर्क करे। **संपर्क - 9229287930 (समय - 10 से 6)** (RO-274)

**आवश्यकता है-** मेडिकल सीएंडएफ (दवाई के होलसेल डिपो) में बिलिंग कार्य हेतु कंप्यूटर ऑपरेटर (युवक / युवती) की आवश्यकता है। अनुभवी ही मिले : **नरेंद्र फार्मा डंगनिया** 9425542077, 9669426111.(RO-301)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** शहर से बाहर रहकर ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28वर्ष के 10वीं 12वीं, स्नातक अविवाहित लड़के चाहिए वेतन 10000 से 20000 कमीशन, बोनस रहना खाना फ्री **सम्पर्क करें-** 7987711297, 7000361880. (RO-35080)

### अन्य

**आवश्यकता है-** सुनहरा अवसर सरकारी नौकरी, कम्पनी द्वारा भारतीय वनविभाग द्वारा निकली सीधी पक्की भर्ती परमानेंट बेसेस पर, सीट (8050) पद - फॉरेस्टगार्ड, क्लर्क, वनपाल, चपरासी, सैलरी - (28600 -35600), (10वी- 12वी पास) लड़के लड़कियां आवेदन के लिए आधारकार्ड,पासपोर्ट साइज फोटो, मार्कसीट,व्हाट्सएप / **कॉल करें** -8167235106. (RO-409)

**आवश्यकता है-** Fraud कॉल से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/फुलटाईम (SMS जॉब )करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए (15000-45000)/- महिना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS **करें-** 7003467406, 7645886307. (RO-383)

**आवश्यकता है-** जिलानुसार फॉरेस्ट कम्पनी डिपार्टमेंट को 1150/- लड़के लड़कियों की योग्यता (8वी - ग्रेजुएट), सैलरी (32500-64500) रहना +खाना फ्री पद वनरक्षक , फील्डऑफिसर , ड्राइवर, गनमैन इच्छुक व्यक्ति / रिटायर्डफौजी अपना फोटो , आधारकार्ड , मार्कशीट , **व्हाट्सएप करें** - 9120184952. (RO-389)

**आवश्यकता है-** (स्वयं का रोजगार) (अपना रोजगार) आयुवेदिक कंपनी में शिक्षित/बेरोजगार लड़कें-लड़कियाँ हाउसवाइफ पार्टटाइम/फुलटाइम घर बैठे दवाई पैकिंग करके 30,500/- से 45,500/- महीना कमाएं रोजगार बढ़ाए (जरूरतमंद लोग कॉल/ WHATSAPP करें) NOC -2150/- +91 6267324667. (RO-1329)

## Business
## व्यापार

**व्यापार-** अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट **संपर्क:-** APS **इंटरप्राईजेस, रायपुर-** 7477221345, 9977676447, **बिलासपुर** - 8359913999, 9589288936, **रायगढ़-** 7869755871. (RO-2894)

## Astrology
## ज्योतिष

**ज्योतिष -** शास्त्रीजी घरबैठे सभी समस्याओं का समाधान प्यार धोखा, वशीकरण, सौतन छुटकारा लवमैरिज, रूठो को मनाना, ग्रहक्तेश, किया कराया, प्रेमी , पती, संतान कहने से बाहर होतो संपर्क करे समस्या केसीभी जड़से खत्म 7347259119.(RO-13135)

## Property
## प्रापर्टी

### प्लाट

**प्लॉट बेचना है -** सेजबहार हाउसिंग के पास कॉलोनी में 3500 वर्गफीट प्लाट 29लाख में, बोरियाखुर्द साई विहार में 1700 वर्गफीट 23लाख में, 600 वर्गफीट 7लाख, डोमा में 2000 वर्गफीट आदिवासी प्लाट 9लाख में **संपर्क:-** 8964000029. (RO-2921)

### जमीन

**जमीन बेचना है-** बोरीगारका उतई जिला दुर्ग मे गर्व कॉलेज से एक किलोमीटर पहले मकान बनाने योग्य 2200 वर्गफुट जमीन बेचना है मेनरोड से मात्र 50 मीटर अंदर गर्व इंजिनियरिंग कॉलेज के पहले 650 रूपये स्क्वायरफ़ीट मे तुरंत बेचना है जमीन 40x55 है **संपर्क-** 7024635415, 8717890000.(आरो न.-557)

### शॉप

**बेचना है -** बिलासपुर गोल बाजार कमर्शियल क्षेत्र स्थित शाप 453 वर्गफीट तीन मंजिला एवं 540 वर्गफीट दो मंजिला अलग अलग एवं एक साथ बेचना है। **सम्पर्क करें- नरेंद्र अग्रवाल 9826138787.** (RO-35077)

**बेचना है -** बिलासपुर शहर के अग्रसेन चौक में प्रथम तल 430 वर्गफीट का रोड फेसिंग दुकान बेचना है, वर्तमान मे 26000/- प्रति माह किराया आता है। **सम्पर्क करें-** 9981909487 (RO-35085)

## Finance
## फायनेंस

**फाइनेंस-** लोन ! लोन! लोन धानी फाइनेंस (मुद्रा लोन, पर्सनल, बिजनेस, उद्योग, दुकानदारी, पशुपालन, कृषि, प्रॉपर्टी, मार्कशीट लोन , सभी लोन , 1- 95 लाख तक (2% ब्याज , 40 % छूट) **संपर्क:-** 8964853756 (RO-410)

## हरिभूमि CLASSIFIED RATE CARD

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी...

15 जून 2024 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 450 | 550 | 500 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 400 | 500 | 480 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 400 | 450 | 450 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 650 | 750 | 700 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 550 | 600 | 600 | 195/- Sq cm |
| All CG | 900 | 1020 | 1000 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1150 | 1500 | 1450 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1550 | 1900 | 1800 | 380/- Sq cm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4

Colour 20% Extra Charge For Disply

**SCHEME**

(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25

1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. Single day Booking 100Rs. Extra.

ADVT. Booking time 10.30 am to 3.00 pm.

5% GST for All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3 Scheme

| EDITION | RATE | Scheme |
|---|---|---|
| Raipur City | 2800 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2600 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4000 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2200 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3500 | |
| All CG | 5000 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE — 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 50000 | 80000 | 100000 |
| Bilai + Durg Edition | 45000 | 75000 | 95000 |
| Bilaspur City | 35000 | 65000 | 80000 |
| Raipur All Edition | 65000 | 110000 | 140000 |
| Bilaspur All Edition | 50000 | 90000 | 110000 |
| All CG | 100000 | 160000 | 200000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS

Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur
Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778
E-mail- response.haribhoomi@gmail.com

Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur.
Mob.: 9826782100
E-mail- hbclassified375@gmail.com

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Healthcare


छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844




विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152





# पेरिस ओलंपिक : सीन नदी में शुभारंभ... स्टेड डी फ्रांस स्टेडियम में समापन



एजेंसी ▶▶| पेरिस

भारत के समापन समारोह में ध्वजवाहक श्रीजेश और मनु भाकर तिरंगे के साथ नजर आए। दोनों की तस्वीर सामने आई है। मनु ने इस ओलंपिक में दो पदक जीते थे, जबकि श्रीजेश ने कांस्य पदक अपने नाम किया। पेरिस ओलिंपिक गेम्स 2024 की क्लोजिंग सेरेमनी एक फ्रेंच गीत से शुरुआत हुई।

### बाक और मैक्रों रहे मौजूद

*फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष थॉमस बाक स्टेडियम में मौजूद थे। दोनों ने एक दूसरे से हाथ मिलाया और एक सफल ओलंपिक आयोजन के लिए एक-दूसरे की सराहना की।*



**ओलंपिक : पदक तालिका**

| क्र. | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अमेरिका | 40 | 44 | 42 | 126 |
| 2 | चीन | 40 | 27 | 24 | 91 |
| 3 | जापान | 20 | 12 | 13 | 45 |
| 4 | ऑस्ट्रेलिया | 18 | 19 | 16 | 53 |
| 5 | फ्रांस | 16 | 25 | 22 | 63 |
| 71 | भारत | 00 | 01 | 05 | 06 |

### लियोन ने उठाया मशाल

फ्रांस के घरेलू हीरो, पेरिस ओलंपिक 2024 में चार बार के स्वर्ण पदक विजेता, तैराक लियोन मैरचेंड ने समापन समारोह में प्रवेश किया और ओलंपिक की मशाल को उठाते हुए पेरिस के स्टेडियम में जहां समापन समारोह होना है, वहां ले गए।




## अब तक सिर्फ अभिनव बिंद्रा और नीरज चोपड़ा ने ही जीते हैं व्यक्तिगत स्वर्ण पदक

# पेरिस ओलंपिक में भारत का बिना स्वर्ण फीका रहा अभियान, जीते 1 रजत और 5 कांस्य पदक

एजेंसी ▶▶| पेरिस

पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत का अभियान समाप्त हो गया है। किर्गिस्तान की रेसलर एपेरी काइजी की सेमीफाइनल में हार के साथ रीतिका हुड्डा 76 किलोग्राम कुश्ती फ्रीस्टाइल स्पर्धा में मेडल की से बाहर हो गईं। यदि किर्गिस्तान की रेसलर फाइनल में पहुंच जाती तो रीतिका के पास रेपचेज के जरिए कांस्य जीतने का मौका रहता। रीतिका हुड्डा के पदक की रेस से बाहर होने के साथ ही साथ भारत का मौजूदा ओलंपिक गेम्स में सफर खत्म हो गया। भारत ने पेरिस ओलंपिक में कुल छह पदक जीते हैं। इसमें पांच कांस्य और एक रजत शामिल है।

जहां रजत पदक एथलेटिक्स में आया। वहीं शूटिंग में भारत ने तीन कांस्य पदक जीते, जबकि कुश्ती और हॉकी में भी एक-एक कांस्य मिला। हालांकि रेसलर विनेश फोगाट के मामले में फैसला भारत के पक्ष आता है तो पदकों की संख्या जरूर सात हो जाएगी। विनेश के मामले में फैसला जो भी हो, लेकिन इस बात की आधिकारिक पुष्टि हो गई कि भारत पेरिस ओलंपिक में कोई गोल्ड मेडल नहीं जीत पाया। बिना गोल्ड के भारत का अभियान फीका ही माना जाएगा।



**नीरज ने जीता रजत पदक**

पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत को पहला पदक शूटिंग में मिला, जब मनु भाकर ने महिला 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य हासिल किया। फिर दूसरा कांस्य भी मनु भाकर ने मिक्स्ड टीम इवेंट में दिलाया। उनके साथ सरबजोत सिंह भी टीम में थे। तीसरा कांस्य पदक स्वप्निल कुसाले ने शूटिंग की मेन्स 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में दिलाया। फिर पुरुष हॉकी टीम ने कांस्य और भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने रजत पदक अपने नाम किया। इसके बाद रेसलर अमन सहरावत ने पुरुष 57 किलो फ्रीस्टाइल में कांस्य जीता।

### नहीं टूटा टोक्यो का रिकॉर्ड

*बता दें कि भारत ने टोक्यो ओलंपकि (2020) में एक स्वर्ण सहित 7 पदक जीते थे, जो भारत का ओलंपकि इतहिास में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। ऐसे में इस बार उम्मीद की जा रही थी कि भारत की पदक तालिका दोहरे अंक में पहुंच पाएगी। मगर उम्मीदों के विपरीत हुआ। पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत एक भी स्वर्ण नहीं जीत सका और उसके पदक की संख्या 6 पर अटक गई।*







**भारत के पदकवीर**

| खिलाड़ी | पदक | स्पर्धा |
|---|---|---|
| मनु भाकर | कांस्य | निशानेबाजी |
| मनु भाकर/सरबजोत | कांस्य | निशानेबाजी |
| स्वप्निल कुसाले | कांस्य | निशानेबाजी |
| भारत | कांस्य | हॉकी |
| नीरज चोपड़ | रजत | एथलेटिक्स |
| अमन सहरावत | कांस्य | कुश्ती |

### अब तक 41 पदक

पेरिस ओलंपिक 2024 में देश के कुल 112 एथलीट्स ने 16 खेलों के कुल 69 मेडल इवेंट में भाग लिया। इसके साथ ही पांच रिजर्व एथलीट भी पेरिस गए थे। हालांकि शूटिंग, एथलेटिक्स, हॉकी और कुश्ती में ही भारत को पदक हासिल हो सका। देखा जाए तो भारत ने ओलंपिक खेलों में अभी तक कुल 41 पदक जीते हैं। इनमें निशानेबाज अभिनव बिंद्रा (2008) और नीरज चोपड़ा (2021) ही व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीत पाए हैं।

### 71वें स्थान पर भारत

अगर बात करें ओलंपिक 2024 पदक तालिका की तो सबसे टॉप पर अभी चीन है, जिन्होंने कुल 90 पदक अपने नाम किए। वहीं, पदक तालिका में भारत से आगे पाकिस्तान रहा, जिन्होंने एक गोल्ड मेडल जीता। पाकिस्तान के अरशद नदीम ने गोल्ड मेडल जिताकर पाकिस्तान को भारत से आगे पहुंचाया। भारत पदक तालिका में 71वें स्थान पर 5 ब्रॉन्ज और एक सिल्वर के साथ रहा।

**ओलंपिक**

# चीन ने जीता 300वां ओलंपिक स्वर्ण पदक



एजेंसी ▶▶| पेरिस

चीन ने शनिवार को पेरिस खेलों में टेबल टेनिस का महिला टीम स्पर्धा का खिताब जीतकर ओलंपिक इतिहास में देश का 300वां स्वर्ण पदक जीता। चीन ने महिला टीम स्पर्धा के फाइनल में जापान को 3-0 से हराकर लगातार पांचवां स्वर्ण पदक जीता।

इससे पहले शुक्रवार को पुरुष टीम ने यह उपलब्धि हासिल की थी। दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी सुन यिंगशा ने कहा, 'हमारे में से प्रत्येक ने आज अपना सब कुछ झोंक दिया और सभी ने अच्छा प्रदर्शन किया।' दक्षिण कोरिया ने जर्मनी पर 3-0 की जीत के साथ कांस्य पदक जीता जो 2008 में बीजिंग खेलों के बाद टीम स्पर्धा में उसका पहला पदक है। टेबल टेनिस में चीन प्रमुख शक्ति है जिसने पेरिस में पांचों ओलंपिक स्वर्ण पदक जीते। चीन ने 1988 में सियोल ओलंपिक में टेबल टेनिस को शामिल किए जाने के बाद से इस खेल में दिए गए 42 स्वर्ण पदक में से 37 जीते हैं।

### सिफान हसन ने जीती महिला मैराथन

**पेरिस।** सिफान हसन ने रविवार को यहां पेरिस खेलों में ओलंपिक रिकॉर्ड के साथ महिला वर्ग की मैराथन रेस जीत ली। उन्होंने दो घंटे, 22 मिनट और 55 सेकंड का समय निकालकर ओलंपिक रिकॉर्ड बनाया और टिग्स्ट असेफा को पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया। यह सिफान हसन का पेरिस ओलंपिक में तीसरा पदक है। उन्होंने 5,000 और 10,000 मीटर का भी कांस्य पदक जीता है। असेका को रजत और कीनिया की हेलेन ओबिरी ने कांस्य पदक अपने नाम किया।

# दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज पर बनाई 154 रन की बढ़त



एजेंसी ▶▶| पोर्ट ऑफ स्पेन

दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज के खिलाफ शनिवार को यहां पहले टेस्ट मैच के वर्षा से प्रभावित चौथे दिन 154 रन की कुल बढ़त हासिल कर ली लेकिन ड्रॉ से बचने के लिए उसे अनुकूल मौसम की जरूरत होगी।

शनिवार को शुरुआती छह घंटे का खेल बारिश के कारण धुलने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने मेजबान टीम को 233 रन पर आउट करके पहली पारी में 124 रन की बढ़त हासिल की और फिर दिन का खेल खत्म होने तक बिना विकेट खोए 30 रन बनाकर 154 रन की कुल बढ़त हासिल की। वेस्टइंडीज ने चार विकेट पर 145 रन से आगे खेलना शुरू किया लेकिन आखिरी छह विकेट सिर्फ 60 रन जोड़कर 233 रन तक गंवा दिए जिससे दक्षिण अफ्रीका की जीत की उम्मीद बंधी। दक्षिण अफ्रीका को हालांकि जीत दर्ज करने के लिए अंतिम दिन बारिश नहीं होने की प्रार्थना करनी होगी। दक्षिण अफ्रीका की ओर से केशव महाराज ने 19 रन देकर चार विकेट चटकाए। दिन का खेल खत्म होने पर टोनी डी जॉर्जी 14 जबकि एडेन मार्करम नौ रन बनाकर खेल रहे थे।

### ऑस्ट्रेलिया ने भारत 'ए' को सात विकेट से हराया

***ब्रिसबेन।*** *ताहिला मैकग्रा की नाबाद अर्धशतकीय पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया महिला 'ए' टीम ने रविवार को यहां तीसरे और अंतिम टी20 क्रिकेट मैच में भारत 'ए' को सात विकेट से हराकर श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। ऑस्ट्रेलिया ने पहले दो मैच क्रमशः पांच रन और आठ विकेट से जीते थे। भारत के 121 रन के छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने ताहिला की 22 गेंद में आठ चौकों और दो छक्कों से नाबाद 51 रन की पारी के बदौलत सिर्फ 13.5 ओवर में तीन विकेट पर 121 रन बनाकर जीत दर्ज की। ताहिला ने तेज गेंदबाज शबनम शकील की गेंदों पर लगातार तीन चौके लगाकर अपनी टीम को जीत दिलाई। ताहिला ने चार्ली नॉट (19) के साथ तीसरे विकेट के लिए 48 रन भी जोड़े। सलामी बल्लेबाज ताहिला विल्सन (39 रन, 26 गेंद, पांच चौके, एक छक्का) ने भी उपयोगी पारी खेली।*

### बिंद्रा ओलंपिक ऑर्डर से सम्मानित

**पेरिस।** भारतीय निशानेबाज अभिनव बिंद्रा को ओलंपिक आंदोलन में उनके 'विशिष्ट योगदान' के लिए प्रतिष्ठित ओलंपिक ऑर्डर से सम्मानित किया गया। बीजिंग 2008 ओलंपिक खेलों में 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल करके भारत के पहले ओलंपिक व्यक्तिगत स्वर्ण पदक विजेता बने बिंद्रा को शनिवार को यहां अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के 142वें सत्र के दौरान यह सम्मान प्रदान किया गया। बिंद्रा ने कहा, 'जब मैं छोटा था तो ये ओलंपिक रिंग्स ही थे, जिन्होंने मेरे जीवन को अर्थ दिया।'

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी
सुखौना टेबलेट
20 वर्षों से प्रसिद्ध 94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ष पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
मो. 9039050422
मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130




# देश की सुरक्षा के लिए उठने वाले हाथों में सजेगी दिव्यांग बच्चों की बनाई राखी

हफीज खान ▶▶| राजनांदगांव

देश की सुरक्षा करने वाले भाइयों तक रक्षाबंधन के पर्व पर उनकी कलाइयों में अपने प्रेम और विश्वास से पिरोई गई राखियों को सजाने के लिए राजनांदगांव के अभिलाषा दिव्यांग विद्यालय के बच्चे राखी निर्माण में जुटे हुए हैं। प्रतिवर्ष यहां के बच्चों के द्वारा बनाई गई इन सैकड़ों राखियों को देश की सरहदों पर हमारी सुरक्षा के लिए तैनात जवानों और देश के भीतर आंतरिक समस्या नक्सल मोर्चे पर लड़ रहे जवानों तक भेजी जाती है।

कुछ बेहतर करने की अभिलाषा अगर हो तो, अथक परिश्रम और लगन के बल पर सब कुछ संभव किया जा सकता है। कुछ इसी तरह का संदेश अभिलाषा दिव्यांग विद्यालय के बच्चे दे रहे हैं। यह बच्चे भले ही शारीरिक रूप अशक्त हैं लेकिन इनके हौसले काफी मजबूत है। अपनी तमाम कठिनाइयों को परे रखकर यहां के बच्चे देश की सेवा में तैनात वीर जवानों की कलाइयों पर रक्षा का सूत्र बांधने के लिए राखी निर्माण कार्य कर रहे हैं। इन बच्चों का कहना है कि भाई जब हमारी सुरक्षा करते हैं तो उनकी कलाई पर राखी बांधी जाती है, वहीं जब यह भाई देश की सुरक्षा कर रहे हैं तो फिर किसी भी भाई की कलाई रक्षाबंधन के पर्व पर सूनी नहीं रहनी चाहिए। इसलिए वे स्वयं राखियों का निर्माण कर रहे हैं, ताकि इन राखियों में प्रेम की भावना, आस्था और उन वीर जवानों के प्रति अटल विश्वास को रेशम की डोर के माध्यम से पिरो सकें।

हरिभूमि खास



## सतत अभ्यास से सब संभव

राखी निर्माण कार्य में जुटी अस्थि बाधित कक्षा आठवीं के छात्रा साक्षी का कहना है कि पहले एक हाथ से राखी बनाने में कठिनाई होती थी, धागा फिसल जाता था और मोतियां बिखर जाती थी। लेकिन सतत अभ्यास से सब संभव हो गया। अब एक राखी बनाने में 15-20 मिनट ही लगता है।

## देश की रक्षा करने वाले हाथों को भरोसे की मजबूती

राखी बनाते हुए इन बहनों के चेहरे पर उत्साह और विश्वास की झलक साफ दिखाई देती है। इन छात्राओं के द्वारा निर्मित राखी नक्सल विरोधी अभियान में जुटे जवानों तक भी भेजी जाती है। अपनी बनाई हुई राखी देश की रक्षा में उठने वाले हाथों को मजबूत करेगी इस बात की खुशी इन छात्राओं में है।

## आत्मनिर्भर बनने दिया जाता है प्रशिक्षण

शाला के प्रशासक दिलीप श्रीवास्तव ने बताया कि इन बच्चों को समय-समय पर स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम चलाकर प्रशिक्षण दिया जाता है, ताकि वह आत्मनिर्भर बन सके। राखी निर्माण कार्य के लिए भी यहां के शिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया है। इसके बाद यहां के बच्चे इस कार्य को काफी सरलता से कर लेते हैं और इन राखियों को विभिन्न माध्यमों से देश के वीर जवानों को भेजी जाती है।


## संस्था के सहयोग से उपलब्ध होती है सामग्री

सुरक्षा बल के जवानों को भेजे जाने वाले राखियों के निर्माण के लिए कुंदन, मौली धागा, रेशम धागा, मोतियों से बच्चे राखी निर्माण कर रहे हैं। इन दिव्यांग छात्राओं को राखी बनाने के लिए जरूरत के सामान संस्था के द्वारा मुहैया कराई जाता है। 30 वर्ष पूरानी इस शिक्षण संस्था में लगभग 17 वर्षों से इस तरह राखी बनाने का सिलसिला चला आ रहा है।



## लगन और जुनून से आकर्षक राखियों का निर्माण

अभिलाषा दिव्यांग विद्यालय के इन बच्चों के द्वारा खूबसूरत राखी बनाई जा रही है। इनमें से कोई भी बच्चा सामान्य रूप से नहीं बल्कि यह काफी विशेष है। इन बच्चों में कोई अस्थि बाधित है, तो कोई दृष्टिबाधित, तो किसी बच्चे का बौद्धिक विकास भले ही काम है लेकिन उनकी लगन और जुनून जुनून आम लोगों के मुकाबले काफी अधिक है।







# छूते ही गोलियां चलाने लगता है यह पौधा चुन-चुनकर लोगों से लेता है बदला


**नई दिल्ली।** ऐसा नहीं है कि गोलियां सिर्फ इंसान ही चला सकते हैं। अपने दुश्मनों का सामना करने का और मुंहतोड़ जवाब देने की काबिलियत कुछ पौधों में भी होती है। इस पौधे का नाम वुड सोरेल प्लांट है। वुड सोरेल प्लांट नामक इस पौधे को बिल्कुल नहीं पसंद कि कोई उसे छुए। छुईमुई पौधे की तरह ये पेड़ शर्म से सिकुड़ता नहीं है बल्कि छूने वालों के ऊपर तड़ातड़ गोलियां बरसाता है। साथ ही ये ढूंढकर अपना बदला लेता है। वुड सोरेल प्लांट को ब्राजील और साऊथ अफ्रीका में पाया जाता है। ये पौधा अपनी संचित तनाव ऊर्जा की वजह से अपने बीजों को 4 मीटर दूर तक बहुत तेजी से फेंक सकता है। ये पौधा उसी चीज को टार्गेट बनाकर मारता है जो उसे ट्रिगर करती है। ये पौधा देखने में बहुत ही दिलचस्प लगता है।












Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354|. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **Mileage of Splendor Xtec 2.0 as per internal testing conditions and may vary as per road & riding conditions. *This Centennial Celebration Campaign is open only for Indian residents who buy a new Hero two wheeler during campaign Period. This Campaign period is valid from 26th June 2024 to 3rd Oct 2024. Cashback money can be claimed by the winning Participant within 90 days from the date of declaration of winner status. Any claim raised after expiry of above 90 days period shall not be entertained. Terms & Conditions apply. For more details, visit https://www.heromotocorp.com/ or visit your nearest Hero MotoCorp dealership. Hero MotoCorp reserves the rights to modify or withdraw any or all the offers without prior notice.

अधिकृत डीलरः रायपुरः छत्तीसगढ़ हीरो 9289922351, आरसन हीरो 9289922864, राजधानी हीरो 9289922414, राजनांदगांवः जय हीरो 9289922357, धमतरीः सत्योम हीरो 9289922525, कांकेरः राहुल हीरो 9289922834, महासमुंदः वत्स हीरो 9289922623. बलोदाबाजारः अग्रवाल हीरो 9289922959, आरंगः श्री राम हीरो 9289922968, बेमेतराः श्री साई हीरो 9289922835, कवर्धाः सरस्वती हीरो 9289922958, जगदलपुरः विजयपाल हीरो 9289923064, दंतेवाड़ाः जय विजय हीरो 9289922990, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो 9289922983, भाटापाराः कुशल हीरो 9289923052, भिलाईः इंडियन हीरो 9289922355, दुर्गः उत्सव हीरो 9289923114, एसोशिएट डीलरः रायपुरः संजय ऑटोव्हील 9289924245, 0771-4266555, पंडरियाः ललित सर्विसेज़ 8770383767, फिंगेश्वरः अभिषेक ऑटो, 9977737000 / 9300093200, भिलाई-3: महावीर मोटर्स, 8109100019, कुरुदः शिव ऑटो, 8305711110, अधिकृत ए.एस.सी: राजिमः गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स 9977280000, खरोराः अग्रवाल मोटर्स 9424212141, सरायपालीः बंसल ऑटो 9425513611, डोंगरगढ़ः युवराज मोटर्स 8085160380, तिल्दाः आरसन मोटर्स 9340335266, नगरीः हर्ष ऑटो 8109502100, पाटनः दिव्या ऑटो 9893492107, बागबाहराः प्रियंका ऑटोकेयर 9131058752, चाराmaः राठौर ऑटोमोबाईल्स 7470360334, कोण्डागांवः आहुजा ऑटोमोबाईल्स 9131794017, नारायणपुरः गुरुनानक ऑटो 9425596290, केशकालः साहिल ऑटो सेल्स 9893199247, जिगड़ीः किरन ऑटोकेयर 9754069392, फरसगांवः राजा ऑटोमोबाईल्स 9425594144, बेरलाः कान्हा मोटर्स 9893126700, कसडोलः बजरंग मोटर्स 9425511973, बालोदः जैन ऑटोकेयर 9425563502, लिमतराः माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स 9301361155, गरियाबंदः छत्तीसगढ़ ऑटो केयर 8319358443, चरोदाः सत्यम ऑटोमोबाईल्स 9977155055, गुंदरदेहीः एम.एम. ऑटो 8720051135, जामुलः जय अम्बे ऑटो एजेंसी 9826386346, रिसालीः भारत मोटर्स 9993417123, डीलर एक्सटेंशन काउंटरः रायपुरः आरसन हीरो (फाफाडीह) 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला) इंडियन हीरो 0788-4911301, 8305597651, छत्तीसगढ़ हीरो (भाटागाँव) 7428048702, अधिकृत डीलर रीप्रेजेंटेटीवः भानुपुरीः अपारशा ऑटोमोबाईल्स 9757788320, 6261336946, बनियांगांवः संतू ऑटोकेयर 7999887434, 9131461749, सुकमाः आशुतोष ऑटोकेयर 9425260291, 8889696789, एडिशनल वर्कशॉपः रायपुरः आरसन मोटर्स (फाफाडीह) 0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरापारा) 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 2428555, जेन्युईन स्पेयर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्टः संजय ऑटोमोबाईल्स 2226732/7474. Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) रायपुरः आरसन हीरो 9285052266, भिलाईः इंडियन हीरो 9289922355, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो 9289922983.

VML.5742.2024HIN

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रम्हवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com